●वर्ष : 16 ●अंक : 210 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक

# लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शनिवार 23 नवम्बर 2024

## प्रदूषण से दिल्ली बेहाल

# सुप्रीम कोर्ट ने सरकार और पुलिस को लगाई फटकार; दिए सख्त निर्देश

### ›› सुप्रीम कोर्ट ने और क्या कहा?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 113 प्रवेश बिंदुओं में से, 13 प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर मुख्य रूप से निगरानी रखी जाती है ताकि GRAP चरण IV के खंड ए और बी का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लगभग 100 प्रवेश बिंदुओं पर ट्रकों के प्रवेश की जांच करने वाला कोई नहीं है।



### ››13 वकील लगाएंगे पता

सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि 13 प्रवेश बिंदुओं पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। कोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज जल्द से जल्द एमिकस क्यूरी को देने का निर्देश दिया। कहा कि बार के 13 वकील विभिन्न प्रवेश बिंदुओं पर जाएंगे और यह पता लगाएंगे कि उन प्रवेश बिंदुओं पर जीआरएपी चरण IV के खंडों का पालन किया जा रहा है या नहीं।

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रदूषण मामले में सुनवाई करते हुए दिल्ली सरकार और पुलिस को निर्देश दिया है। कोर्ट ने निर्देश दिया कि वे दिल्ली में प्रवेश के सभी 113 बिंदुओं पर तुरंत चेकपॉइंट स्थापित करें।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रवेश बिंदुओं पर तैनात कर्मियों को आवश्यक वस्तुओं के तहत स्वीकृत वस्तुओं के बारे में स्पष्ट रूप से जानकारी दी जानी चाहिए।

### ›› दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में

दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार सुबह वायु गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की गई और क्षेत्र में धुंध की पतली परत छाई रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह 7.15 बजे तक दिल्ली में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 371 रहा।

एनसीआर के अन्य शहरों में, फरीदाबाद में एक्यूआई 263, गुरुग्राम में 281, गाजियाबाद में 274, ग्रेटर नोएडा में 234 और नोएडा में 272 रहा। दिल्ली के सात इलाकों में एक्यूआई का स्तर 400 से ऊपर और 450 के बीच रहा। आनंद विहार में यह 410, बवाना में 411, जहांगीरपुरी में 426, मुंडका में 402, नेहरू नगर में 410, शादीपुर में 402 और वजीरपुर में 413 रहा। दिल्ली के अन्य अधिकांश हिस्सों में एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में है। बताया गया कि अलीपुर में 389, अशोक विहार में 395, आया नगर में 369, बुराड़ी क्रॉसिंग में 369, चांदनी चौक में 369, मथुरा रोड में 333, डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में 373, आईजीआई एयरपोर्ट में 357, दिलशाद गार्डन में 320, आईटीओ में 344 और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 342 एक्यूआई रहा। सीपीसीबी के अनुसार, एक्यूआई 200 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 पर 'बहुत खराब', 401-450 पर 'गंभीर' और 450 और इससे ऊपर 'गंभीर प्लस' माना जाता है। राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण को कम करने के लिए, नई दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी) ने शुक्रवार सुबह कई स्थानों पर रात्रि सफाई और सड़क सफाई अभियान चलाया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कई दिनों तक 'प्लस' श्रेणी में रहने के बाद, दिल्ली की समग्र वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ है और यह 'बहुत खराब' स्तर पर आ गई है।

# महाराष्ट्र में कौन बनेगा किंगमेकर?

## निर्दलीय और बागियों पर MVA-महायुति की नजर

### ›› त्रिकोणीय मुकाबलों में चुनकर आए थे 45 निर्दलीय विधायक

अर्थात, 288 सदस्यों वाली विधानसभा में ये दोनों ही अपने दम पर सरकार बनाने की स्थिति में नहीं थे। जबकि उस चुनाव में हुए त्रिकोणीय मुकाबलों में 45 निर्दलीय विधायक चुनकर आए थे। तब शिवसेना-भाजपा गठबंधन ने इन्हीं निर्दलियों की मदद से सरकार बनाई थी।

नूना न्यूज एजेंसी।

**मुंबई, 22 नवंबर:** शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद दोनों प्रमुख गठबंधनों सत्तारूढ़ महायुति एवं विपक्षी महाविकास अघाड़ी (मविआ) को यदि स्पष्ट बहुमत नहीं मिला, तो सरकार बनाने में बागी, निर्दलीय एवं छोटे दलों के विधायकों की संख्या महत्त्वपूर्ण हो सकती है। महाराष्ट्र में ऐसा पहले भी कई बार होता रहा है। महाराष्ट्र विधानसभा में निर्दलीय विधायकों की भूमिका 1995 से ही महत्त्वपूर्ण रहती आई है। शिवसेना-भाजपा गठबंधन कर-के तो 1990 में भी चुनाव लड़ी थीं। लेकिन बाबरी ढांचा ढहने एवं उसके बाद मुंबई में हुए दंगों और बम विस्फोटों के बाद पहली बार 1995 में हुए विधानसभा चुनाव में भी शिवसेना-भाजपा गठबंधन 138 सीटों पर अटक गया था, और कांग्रेस को 80 सीटें मिली थीं। इस बार तो मुकाबला त्रिकोणीय-चतुष्कोणी नहीं, बल्कि बहुकोणीय नजर आ रहा है। बड़ी संख्या में सभी दलों के बागी खड़े हैं। किसी भी दल से संबंध न रखनेवाले मजबूत निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या भी कम नहीं है। साथ ही, अलग-अलग क्षेत्रों या जातीय समूहों पर प्रभाव रखनेवाले छोटे दलों के भी उम्मीदवार भी कम नहीं हैं। ये सभी खुद जीतकर आएं न आएं, लेकिन दोनों प्रमुख गठबंधनों के उम्मीदवारों का खेल बिगाड़ने में तो भूमिका अवश्य निभाएंगे।



### 9-9 बागी के बीच है कड़ा मुकाबला

पहले बागियों की बात की जाए तो इस बार सभी दलों के 120 बागी उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें सबसे अधिक 39 बागी भाजपा के हैं। इनमें से 17 शिवसेना (शिंदे) के विरुद्ध, नौ राकांपा (अजित) के विरुद्ध और 13 भाजपा के ही अधीकृत उम्मीदवारों के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं। इसी प्रकार कांग्रेस के 21, राकांपा (शरदचंद्र पवार) के 13, शिवसेना (यूबीटी) के 12, शिवसेना (शिंदे) के नौ और राकांपा अजित के भी नौ बागी मैदान में हैं। इनमें से कई बागी मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं, और जीत भी सकते हैं। ऐसे बागियों से पार्टियों ने अभी से संपर्क साधना शुरू कर दिया है।

2019 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के बागी एवं समविचार के 10 विधायक चुनकर आए थे। ये सभी चुनाव के तुरंत बाद महाविकास आघाड़ी की सरकार बनने के बावजूद उसके साथ नहीं गए, और अंत तक भाजपा के साथ ही बने रहे थे। बागियों के अलावा बड़ी संख्या में कई छोटे दलों के उम्मीदवार भी खड़े हैं। अलग-अलग क्षेत्रों या समूहों पर इनका अच्छा प्रभाव भी है। इनके कई उम्मीदवार या तो जीत सकते हैं, या बड़े दलों का खेल बिगाड़ सकते हैं।

### कहां से कितने उम्मीदवार हुए खड़े?

चुनाव आयोग की तरफ से जारी दलवार उम्मीदवारों की लिस्ट में दलित मतदाताओं पर प्रभाव रखनेवाले दलों ने बड़ी संख्या में उम्मीदवार खड़े किए हैं। मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने तो सभी दलों से ज्यादा 237 उम्मीदवार खड़े किए हैं। प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी ने 200, रामदास आठवले की आरपीआई ने 31 उम्मीदवार खड़े किए हैं। शिवसेना के दोनों घटकों के लिए खतरा मानी जा रही राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के 125 उम्मीदवार हैं। धनगर समाज के नेता महादेव जानकर ने इस बार भाजपा से नाराज होकर अपने दल राष्ट्रीय समाज पक्ष के 93 उम्मीदवार खड़े किए हैं। कोल्हापुर के संभाजी राजे छत्रपति, किसान नेता राजू शेट्टी एवं अमरावती के नेता बच्चू कड़ू भी आपस में गठबंधन करके 121 उम्मीदवारों को समर्थन कर रहे हैं।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### भारत में एकात्म मानववाद के सिद्धांत को अपनाकर हो आर्थिक विकास

भारतीय संस्कृति के अनुसार ही भारतीय आर्थिक दर्शन में भी सृष्टि की समस्त इकाईयों, अर्थात व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र एवं समष्टि को एक माला की कड़ी के रूप में देखा गया है। एकता की इस कड़ी को ही पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने एकात्म मानववाद बताया है। एकात्म मानववाद वैदिक काल से चले आ रहे सनातन प्रवाह का ही युगानुरूप प्रकटीकरण है। सनातन हिंदू दर्शन आत्मवादी है। आत्मा ही परम चेतन का अंश है। पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय ने समाज और राष्ट्र में भी चित्त, आत्मा, मन, बुद्धि एवं शरीर आदि का समुच्चय देखा है। अतः इस एकात्म मानववादी दर्शन के उतने ही आयाम एवं विस्तार है, जितनी मनुष्य की आवश्यकताएं हैं। इन विभिन्न आवश्यकताओं का केंद्र बिंदु अर्थ को ही माना गया है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र की परिभाषा में लिखा है कि अर्थशास्त्र का मुख्य अभिप्राय, अप्राप्ति की प्राप्ति; प्राप्ति का संरक्षण तथा संरक्षित का उपभोग है। एकात्म मानववाद में भी आर्थिक व्यवहार उक्त आधारों पर ही टिके होते हैं। इस प्रकार, अर्थशास्त्र की दिशा स्वतः ही विकासवादी हो जाती है। भारत के नागरिक पिछले लम्बे समय से पश्चिमी शिक्षा व्यवस्था में पले बढ़े हैं अतः वे भारत की पौराणिक एवं वैदिक ज्ञान परम्परा से विमुख हो गए हैं। इसी प्रकार, प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र एवं आर्थिक चिंतन से भी हम भारतीय इतने अधिक दूर हो गए हैं कि प्राचीन भारतीय अर्थशास्त्र को सिर्फ उक्ति एवं सिद्धांत मानने के साथ साथ अव्यवहारिक भी मानने लगे हैं। जबकि, वैदिक साहित्य में धन के 22 से अधिक प्रकारों की स्पष्ट व्याख्या की गई है, जिसमें शेयर से लेकर आय एवं मूलधन भी सम्मिलित है। प्राचीन भारत के आर्थिक चिंतन को आज यदि लागू किया जाता है तो केवल भारत ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानवता का कल्याण होगा, क्योंकि हिंदू अर्थशास्त्र एकात्म मानववाद पर आधारित है, जिसमें व्यक्ति अपने लिए नहीं, वरन समष्टि के लिए जीता है। इसे निम्नलिखित सूत्र के माध्यम से अधिक स्पष्ट किया जा सकता हैं - एकात्म मानववादी अर्थशास्त्र में व्यक्ति अपने एवं अपनों के स्थान पर समष्टि तथा चराचर और परमार्थ के लिए जीता है। जिसमें स्वयं के लिए मुनाफा एवं लाभ के स्थान पर दूसरों की चिंता मुख्य होती है। परंतु, इसके ठीक विपरीत पश्चिम का अर्थशास्त्र आत्मकेंद्रित व्यवहार एवं स्वार्थ पर खड़ा है। पश्चिम के विकासवादी दर्शन का केंद्र मुनाफा, स्वार्थ एवं लाभ है।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, सचिवों की अयोग्यता पर लगाई रोक



सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर आंशिक रूप से रोक लगा दी है, जिसने राज्य में छह संसदीय सचिवों की नियुक्ति को रद्द कर दिया था। शीर्ष अदालत का फैसला उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की याचिका पर आया, जिसने नियुक्त विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही को प्रभावी ढंग से रोक दिया था। हिमाचल प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी, जिसने छह संसदीय सचिवों की नियुक्तियों को अवैध घोषित कर दिया था और फैसला सुनाया था कि ये पद संवैधानिक मानदंडों का उल्लंघन हैं। राज्य सरकार ने तर्क दिया कि नियुक्तियाँ कानून के दायरे में की गईं, और उच्च न्यायालय के फैसले पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखी है, जिससे नियुक्त विधायकों को फिलहाल पद पर बने रहने की अनुमति मिल गई है। हालांकि, कोर्ट ने साफ कर दिया है कि अंतिम फैसला आने तक हिमाचल प्रदेश में संसदीय सचिव के पद पर कोई नई नियुक्ति नहीं होगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने उन याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किया जिन्होंने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं को दो सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। कानूनी विवाद 13 नवंबर को उच्च न्यायालय के फैसले से उत्पन्न हुआ है, जिसने संसदीय सचिवों के पद पर छह विधायकों की नियुक्तियों को असंवैधानिक मानते हुए रद्द कर दिया था। इन पदों को ऐसे पदों के निर्माण के संबंध में शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित सिद्धांतों का उल्लंघन माना गया था।

# बिहार के बीजेपी नेताओं का दिल्ली में जमावड़ा

## क्या समय से पहले होंगे विधानसभा चुनाव?



नूना न्यूज एजेंसी।

**बिहार।** के सियासत तेज होती दिखाई दे रही है। भले ही चार सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम कल आने हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि कहीं ना कहीं बिहार की राजनीति में कुछ बड़ा होने वाला है। ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि भाजपा की भीतर लगातार बैठकों का दौर जारी है। आज सबसे पहले केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के आवास पर बिहार भाजपा के नेताओं की बैठक हुई। इसमें बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी, मंत्री मंगल पांडे, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और सांसद संजय जयसवाल समेत तमाम दिग्गज का मौजूद रहे। इसके ठीक बाद बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने केंद्रीय मंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। दिलीप जयसवाल ने कहा कि आज दिल्ली में एक छोटी सी कोर कमेटी की बैठक हुई। 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर आगे के कार्यक्रम पर चर्चा हुई। कहीं ना कहीं इससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि भाजपा अगले साल होने वाले चुनाव को लेकर अपनी तैयारी में जुट गई है। हालांकि सवाल यह भी है कि क्या समय से पहले विधानसभा के चुनाव हो सकते हैं। अभी भी बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार का 1 साल का कार्यकाल बचा हुआ है। लेकिन लगातार इस बात के कयास चल रहे हैं कि बिहार में विधानसभा के चुनाव समय से पूर्ण कराए जा सकते हैं। वहीं, गिरिराज सिंह ने एक्स पर लिखा कि आज दिल्ली स्थित हमारे आवास पर पार्टी की कोर कमिटी की छोटी टोली की बैठक आयोजित की गई। इसमें संगठन के भविष्य की योजनाओं और कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2029 में जब भाजपा नीत राजग केंद्र की सत्ता में 15 साल पूरे करेगा, तब तक बिहार में राष्ट्रीय राजमार्गों का नेटवर्क अमेरिका के बराबर हो जाएगा। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे गडकरी ने बोधगया में लगातार दो कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए यह बात कही। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने कहा, हमारी सरकार सड़क आधारभूत संरचना के मामले में तेजी से प्रगति कर रही है और यह बिहार में भी दिख रहा है। मैं वादा करता हूं कि मौजूदा पांच साल के कार्यकाल के बाद, जब हम सत्ता में 15 साल पूरे कर लेंगे, तो बिहार का सड़क नेटवर्क अमेरिका के बराबर हो जाएगा।

### गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की

**दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। शाह ने दिल्ली के प्रत्येक निवासी को सुरक्षित महसूस कराने के महत्व को रेखांकित किया तथा इस बात पर बल दिया कि दिल्ली की सुरक्षा में जनता का विश्वास सुनिश्चित करना प्रत्येक पुलिस अधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। अधिकारियों के अनुसार, गृह मंत्री ने दिल्ली की कानून व्यवस्था की समीक्षा के लिए एक बैठक की। बैठक में गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, दिल्ली पुलिस आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा दिल्ली पुलिस के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहनी चाहिए।

# अचानक आप ने पंजाब में कर दिया बड़ा बदलाव

## भगवंत मान की जगह इस नेता को सौंप दी कमान

नूना न्यूज एजेंसी।

**पंजाब।** में अरविंद केजरीवाल की नेतृत्व वाली आप मे पार्टी में बड़ा परिवर्तन किया है। आप ने शुक्रवार को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री अमन अरोड़ा को अपनी राज्य इकाई का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री भगवंत मान के उस बयान के एक महीने बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह पार्टी की राज्य इकाई के पूर्णकालिक अध्यक्ष की नियुक्ति पर आप नेतृत्व से बात करेंगे और उन्होंने पद छोड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। पंजाब में आप का एक प्रमुख हिंदू चेहरा अरोड़ा पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष होंगे और विधायक अमनशेर सिंह शेरी कलसी इसके कार्यकारी अध्यक्ष होंगे। जिम्मेदारी मिलने के बाद अरोड़ा ने कहा कि सबसे पहले मैं ईश्वर को धन्यवाद देना चाहूँगा। मैं आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, संदीप पाठक और पूरी राजनीतिक मामलों की समिति को भी धन्यवाद देना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है।



मैं अपनी पार्टी के नेतृत्व को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम कड़ी मेहनत करेंगे और सरकार के काम को लोगों तक ले जाएंगे, और लोगों के मुद्दों को सरकार तक लाएंगे और उनका समाधान कराएंगे। इस साल की शुरूआत में मौजूदा विधायकों के लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद उपचुनाव जरूरी हो गया था। इन उपचुनावों को मान के लिए अग्निपरीक्षा के रूप में देखा जा रहा है, जिनकी सरकार ने अपने कार्यकाल के ढाई साल पूरे कर लिए हैं। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि आज मैंने अपने दो करीबी सहयोगियों कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा और विधायक अमनशेर सिंह शेरी कलसी को पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी ने फैसला किया है कि अमन अरोड़ा पार्टी अध्यक्ष और शेरी कलसी कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे। उन्होंने लिखा कि मुझे अपने दोनों साथियों पर पूरा भरोसा है कि वे आने वाले समय में पंजाब में पार्टी और संगठन को मजबूत करेंगे और नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। पिछले महीने चब्बेवाल में एक रैली को संबोधित करने के बाद भगवंत मान ने कहा था कि वह सात साल से पंजाब में पार्टी अध्यक्ष का पद संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री होने के नाते मेरे ऊपर बड़ी जिम्मेदारियां हैं. मेरे पास 13-14 विभाग हैं। मैं पूर्णकालिक राज्य इकाई प्रमुख नियुक्त करने के लिए पार्टी से बात करूंगा ताकि जिम्मेदारियों को विभाजित किया जा सके।


# क्या अजित पवार बनेंगे सीएम?

## नतीजों से पहले ही लग गए पोस्टर, विवाद के बाद हटाया गया

नूना न्यूज एजेंसी।

**महाराष्ट्र।** चुनाव के लिए 23 नवंबर को होने वाली मतगणना से पहले, पुणे में एनसीपी प्रमुख और डिप्टी सीएम अजित पवार को मुख्यमंत्री के रूप में चित्रित करने वाले एक पोस्टर को लगाया गया था। हालांकि, बाद में इसे हटा दिया गया। यह पोस्टर पार्टी नेता संतोष नांगरे ने लगाया था। महाराष्ट्र में, प्राथमिक मुकाबला भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन और कांग्रेस के नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के बीच है। कल चुनावी नतीजे आएंगे।

एनसीपी नेता संतोष नांगरे ने कहा कि अजित दादा महाराष्ट्र के जन नेता हैं। उनका काम खुद बोलता है। वह जो कहते है वह करते है। वह महाराष्ट्र के विकास के लिए बोलते हैं। इसलिए एनसीपी के सभी कार्यकर्ता, नेता और युवा उन्हें पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि इस बार उन्हें सीएम बनना चाहिए। इसलिए हमने ये बैनर लगाया है। सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) शामिल हैं, जबकि विपक्षी एमवीए में कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (शरद पवार गुट) शामिल हैं। सत्तारूढ़ महायुति महाराष्ट्र में सत्ता बरकरार रखने के लिए तैयार है और एनडीए को झारखंड में भी सरकार बनाने की बढ़त हासिल है, जैसा कि बुधवार को दोनों राज्यों में मतदान संपन्न होने के बाद एग्जिट पोल ने भविष्यवाणी की थी। अधिकांश एग्जिट पोल ने यह भी भविष्यवाणी की है कि महा विकास अघाड़ी (एमवीए) चुनावों में मजबूत प्रदर्शन करेगी, लेकिन 288 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के आंकड़े को पार करने की संभावना नहीं है। इससे पहले, शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा था कि विधानसभा नतीजों के बाद





महायुति के नेता एक साथ बैठेंगे और फैसला करेंगे कि महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री कौन होगा। एएनआई से बात करते हुए, कल्याण सांसद ने आगे कहा कि गठबंधन में नेताओं के बीच सीएम बनने के लिए "कोई प्रतिस्पर्धा नहीं" है। उन्होंने कहा कि सभी नेता (महायुति के) एक साथ बैठेंगे और फैसला करेंगे। यहां सीएम बनने के लिए नेताओं के बीच कभी कोई प्रतिस्पर्धा नहीं थी। हम अगले पांच वर्षों में और अधिक विकास कार्य करने के लिए सरकार बनाना चाहते हैं। पिछले 2.5 वर्षों में, महा विकास अघाड़ी ने केवल इस पर चर्चा की कि उनका संदेश जनता तक नहीं पहुंचा।

## संभल में जामा मस्जिद या हरिहर मंदिर?

# जुमे की नमाज से पहले चप्पे-चप्पे पर पुलिस, सपा सांसद ने उठाए सवाल

नूना न्यूज एजेंसी।

**संभल।** जुमे की नमाज से पहले संभल में शाही जामा मस्जिद के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है, जो 19 नवंबर को एक सर्वेक्षण के बाद से सुर्खियों में है। वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा संभल के सिविल जज की अदालत में मस्जिद को मंदिर होने का दावा करने वाली याचिका के बाद, 19 नवंबर को स्थानीय पुलिस और मस्जिद की प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में एक सर्वेक्षण किया गया था। गुरुवार को संभल शहर एक किले में तब्दील हो गया और शहर के केंद्र में स्थित मस्जिद तक पहुंचने वाले तीन संपर्क मार्गों में से दो को



सील कर दिया गया। एक स्थानीय मंदिर के पुजारी ने मस्जिद के सर्वेक्षण की मांग करते हुए मंगलवार दोपहर 1.30 बजे एक स्थानीय अदालत में एक आवेदन दायर किया था। चंदौसी में कालका देवी मंदिर के महंत ऋषि राज गिरि ने अपने आवेदन में दावा किया कि मस्जिद के स्थान पर पहले एक मंदिर मौजूद था और आरोप लगाया कि मुस्लिम शासकों ने 1526 में शाही जामा मस्जिद बनाने के लिए इसे ध्वस्त कर दिया था। इसके बाद से विवाद बढ़ गया। वादी का यह भी तर्क है कि यह स्थल प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम 1904 के संरक्षण में आता है। याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील विष्णु शंकर जैन के अनुसार, एएसआई की निष्क्रियता ने मंदिर के रूप में इस स्थल के मूल उद्देश्य को अस्पष्ट कर दिया है। समाजवादी पार्टी के सांसद जिया उर रहमान ने कहा कि जामा मस्जिद पिछले सैकड़ों वर्षों से हमारी है। मैं यहां नमाज पढ़ने आया था और मैंने देखा कि पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि तीन दिन पहले जो हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि संभल में सभी समुदाय मिलजुल कर रहते आये हैं। लेकिन याचिका दायर करने वाले कुछ शरारती तत्व पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। कोर्ट के आदेश को चुनौती देना मेरा अधिकार है। इतनी जल्दबाजी में सर्वेक्षण करने की क्या जल्दी थी? बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी के संभल जिले की शाही जामा मस्जिद को लेकर अचानक विवाद, सुनवाई और फिर उसके फौरन ही बाद आपाधापी में सर्वे की खबरें राष्ट्रीय चर्चा व मीडिया की सुर्खियों में है, किन्तु इस प्रकार से सदभाव व माहौल को बिगाड़ने का संज्ञान सरकार तथा सुप्रीम कोर्ट को भी जरूर लेना चाहिए।

CMYK

# दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने पर सबसे पहला काम स्ट्रीट वेंडिंग एक्ट 2014 को लागू करके इंश्योरेंस की गारंटी देगी : देवेन्द्र यादव

नई दिल्ली, नवंबर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली के लाखों रेहड़ी पटरी वालों की अजीविका सुरक्षित करने के लिए कांग्रेस की यूपीए की कांग्रेस सरकार ने रेहड़ी पटरी अजीविका संरक्षण कानून 2014 बनाया ताकि वो लोग सुगमता से जीवन यापन कर सकें, 8 नवम्बर से जारी दिल्ली न्याय यात्रा के दौराने मैंने लगभग 32 विधानसभाओं में चलते हुए सड़क पर रेहड़ी पटरी, खोमचा लगाकर भय में अपना कारोबार कर रहे हजारों लोगां से बातचीत कर उनकी पीड़ा और दर्द को महसूस किया। सड़क पर अजीविका चलाने वाले शहरी गरीबों के लिए स्ट्रीट वेंडिग एक्ट होने के बावजूद मौजूदा सरकार की निष्क्रियता के कारण गरीब लोगों को पुलिस के डंडे और दिल्ली नगर निगम की प्रताड़ना को झेलना पड़ता है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि रेहड़ी पटरी विक्रेता कोई अतिक्रमणकारी नही बल्कि अपना स्वरोजगार चलाकर जहां अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं वहीं गरीब, निम्न और मध्यम वर्ग के रोज कमा कर खाने वाली जनता को उनके नजदीक और कम दरों पर जरुरत का सामान उपलब्ध करानें सहायक भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट वेंडर एक्ट के तहत वेंडिग जोन बनाकर लाईसेंस देने का काम आम आदमी पार्टी की केजरीवाल सरकार को करना था और दिल्ली नगर निगम द्वारा टाउन वेंडिंग कमेटी का गठन करके जोन लेवल पर सर्वे का काम करना था जो सहीं ढ़ंग से आज तक नही हो सका।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा ने भी पीएम स्वनिधी योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर को गुमराह करने के लिए सर्टिफिकेट ऑफ वेंडिंग की जगह लेटर ऑफ रिकोमेंडेशन जारी किया। अनुमानित 8 लाख रेहड़ी पटरी विक्रेताओं में से स्वनीधि योजना के अंतर्गत सिर्फ 1.62 लाख को ही एल.ओ.आर मिला। जब तक दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम राजधानी में टाउन वेंडिंग कमेटी का गठन करके सर्वे का काम संम्पन्न नही कराती और रेहड़ी पटरीवालों को लाइसेंस जारी नही होते तब तक रेहड़ी पटरी कानून को जमीनी स्तर पर लागू नही किया जा सकता। उन्हांने कहा कि रेहड़ी पटरी अजीविका संरक्षण कानून 2014 के अंतर्गत रेहडी पटरी वालों का इंश्योरेंस भी किया जाना चाहिए यदि कांग्रेस सरकार बनते ही कानून को लागू कर-के रेहड़ी पटरीवालां का इंश्योरेंस की गारंटी भी देगी।

# नूह हिंसा मामले में नाबालिग आरोपी बरी, परिवार में खुशी की लहर

## परिजनों ने जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी का आभार व्यक्त किया



**नई दिल्ली।** 22 नवंबरः हरियाणा के नूह जिले में 31 जुलाई 2023 को हुए दुर्भाग्यपूर्ण दंगों के दौरान पुलिस ने बड़ी संख्या में लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें भादस गांव का एक नाबालिग लड़का भी शामिल था, जिसे थाना नगीना में दर्ज एफआईआर नंबर 142 के तहत गिरफ्तार किया गया था। जमीयत उलमा-ए-हिंद, जो दंगा पीड़ितों के पुनर्वास और क्षतिग्रस्त मस्जिदों की मरम्मत में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है, ने बेगुनाह गिरफ्तार लोगों को न्याय दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई का बीड़ा उठाया। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी के निर्देश पर वकीलों ने कड़ी मेहनत से इन मामलों की पैरवी की। इस प्रयास का परिणाम यह रहा कि पिछले साल 589 लोगों को जमानत मिली, हालांकि उनके मामले अभी ट्रायल पर हैं। आज, भादस के नाबालिग आरोपी को किशोर न्यायालय के अतिरिक्त सिविल जज ने बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि नाबालिग का दंगे से कोई संबंध नहीं है और उसे किसी ऐसे अपराध की सजा नहीं दी जा सकती जो उसने किया ही नहीं। मामले (फाइल नंबर 8241/2024) की पैरवी एडवोकेट ताहिर रूपड़िया ने की। इस फैसले से नाबालिग के परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। नाबालिग के पिता, श्री इसरुद्दीन, जो पेशे से बोरवेल मिस्त्री हैं, ने जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "जमीयत उलमा द्वारा दी गई कानूनी सहायता और मार्गदर्शन ने हमारे बेटे को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जमीयत उलमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी और जमीयत उलेमा हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के महासचिव मौलाना यहया करीमी ने इस फैसले पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश की न्याय प्रणाली और न्याय की जीत है। उन्होंने आगे कहा, "जमीयत उलमा-ए-हिंद हमेशा से पीड़ितों के साथ खड़ी रही है और आगे भी इंसाफ के लिए अपनी कोशिशें जारी रखेगी।" वकीलों की मेहनत और प्रतिबद्धता की भी उन्होंने सराहना की।

# ललित कला अकादमी द्वारा प्रदर्शनी ओडिशा के 15 कलाकारों ने डॉ. महताब के जीवन और कार्यों पर जीवंत चित्रण प्रस्तुत किया

**आकाश द्विवेदी**

नई दिल्ली, नवंबर : संस्कृति मंत्रालय ने उत्कल केसरी डॉ. हरेकृष्ण महताब की 125वीं जयंती के अवसर पर आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक विशेष स्मरणोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उनके साथ केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस वर्षभर चलने वाले राष्ट्रव्यापी आयोजन के माध्यम से डॉ. हरेकृष्ण महताब के स्वतंत्रता सेनानी, लेखक, राजनीतिज्ञ, इतिहासकार, पत्रकार और आधुनिक ओडिशा के निमार्ता के रूप में उनके महत्वपूर्ण योगदान को प्रदर्शित और सम्मानित किया जाएगा। इस क्रम में कई आयोजन, व्याख्यान, प्रदर्शनियां, संगोष्ठियां और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ललित कला अकादमी द्वारा डॉ. महताब के जीवन यात्रा पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी कार्यक्रम स्थल पर लगाई गई। यह प्रदर्शनी ओडिशा के 15 से अधिक कलाकारों के समूह द्वारा तैयार की गई, जिसमें डॉ. महताब की प्रारंभिक जीवन यात्रा, स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान और ओडिशा के प्रति उनकी सेवा को प्रदर्शित किया गया। राष्ट्रपति ने इस प्रदर्शनी और इसमें प्रस्तुत चित्रों की बारीकी, जीवंतता और रचनात्मकता की सराहना की। कलाकारों को राष्ट्रपति से बातचीत करने और फोटो खिंचवाने का अवसर भी मिला।




पूर्व मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा मुफ्त रेवड़ी कैंपेन या रेवड़ी पर चर्चा लॉन्च किया गया। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के नेता मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह व अन्य कई नेता मौजूद रहे। फोटोः भूपिंदर सिंह

# महिला सुरक्षा और साइबर सुरक्षा पर विशेष सत्र, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों की भागीदारी से सुरक्षित भारत के भविष्य की नींव

नई दिल्ली, नवंबर : कैप्सी और एपीडीआई द्वारा आयोजित 19वीं सिक्योरिटी लीडरशिप समिट 2024 का आयोजन पीएचडी हाउस, नई दिल्ली में हो रहा है। इस वर्ष का विषय ह्लसुरक्षित भारत - विकसित भारत 2047 है। समिट में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ, नीति निमार्ता, और औद्योगिक नेता सुरक्षा क्षेत्र के भविष्य और उन्नत तकनीकों के उपयोग पर चर्चा कर रहे हैं।

प्रमुख विषयों में ड्रोन टेक्नोलॉजी, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, एआई की भूमिका, और निजी सुरक्षा की पुलिस रणनीतियों में भागीदारी शामिल है। कैप्सी के अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह ने बताया कि संगठन एक लाख ड्रोन योद्धाओं को प्रशिक्षित करने की पहल कर रहा है, जो देश की सुरक्षा में नई क्रांति लाएगा। समिट के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जनरल (डॉ.) वी. के. सिंह (सेवानिवृत्त) ने ह्लसुरक्षित भारत - विकसित भारत विजन 2047ह्व पर भारत की सुरक्षा संरचना को सशक्त करने के रोडमैप का परिचय दिया। लेफ्टिनेंट जनरल एम. यू. नायर ने राष्ट्रीय सुरक्षा में एआई और ड्रोन टेक्नोलॉजी के समन्वय की चर्चा की।

पैनल चचाओं में दिल्ली पुलिस, भारतीय सेना, और वैश्विक सुरक्षा विशेषज्ञों ने भारत के सुरक्षा परिदृश्य को मजबूत करने पर प्रकाश डाला। इस आयोजन में अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं ने भी भाग लिया, जिनमें माइक लैकोर्टे और एंबेसडर सिलवेस्टर ओकेरे शामिल थे। यह समिट भारत को अधिक सुरक्षित और प्रगतिशील बनाने के लिए रणनीतिक योजनाओं और तकनीकी समाधान प्रस्तुत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# दिल्ली, दि. 22 नव., 2024- अखिल भारतीय कॉंग्रेस कमिटी के विचार विभाग की वरिष्ठ उपाध्यक्षा डॉ.जया शुक्ला ने एक बहुत ही अहम चिन्ता व्यक्त की।

डॉ.शुक्ला ने कहा कि इस बार चुनावों मैं कई विभिन्न तरीकों से सत्ता / प्रशासन द्वारा लोकतंत्र की हत्या की गई। उत्तरप्रदेश की वीडियो द्वारा अब बहुप्रचारित, पुलिसबल द्वारा पिस्तौल दिखा कर वर्ग विशेष के वोटरों को रोकने की वारदातें अक्षम्य हैं। इलेक्शन कमीशन शिकायतों के बावजूद सदा की भाँति मौन है। किन्तु महाराष्ट्र मैं कई षड्यन्त्र विपक्ष के कार्यकताओं की जागरूकता के कारण रोके गये। उदाहरण स्वरूप भाजपाके महासचिव तावड़े हजारों करोड़ रुपयों के साथ कमरे मैं बन्द कर दिये गये जिन्हें पुलिस भी नहीं निकलवा पाई थी। उनके लैपटौप पर लाखों बाँट चुकने का रिकौर्ड भी था। प्रचार बन्द होने के बाद दूसरे क्षेत्रमें जाना मना है, पर उनकी गिरफ़्तारी नहीं हुई। इसी प्रकार 10,000 किलो चाँदीकी ईंटें भी नहीं बाँट पाये, भाजपा के अन्य प्रदेशस्तर के पदाधिकारी भी बहुत बड़ी रकमों के साथ पकड़े गये। डॉ.शुक्ला ने एक अन्य बहुत बड़ी साज़िश, जो होती जा रही है, की ओर बेहद चिन्ता सहित ध्यान खींचा। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र में वोटिंग समाप्त होनेके बाद आधिकारिक रूप से वोटिंग 65.11% बताई गई थी। अगले दिन बढ़ाकर 66.05% बताई गई, अगले दिन वह 67.72 % हो गई।

डॉ. शुक्ला ने माँग की कि जनता को बतायें कि यह किन पार्टियों के वोट बढ़ाये जारहे हैं। उन्होंने अत्यन्त आक्रोश पूर्वक स्पष्ट लांछन लगाया कि यह मिलीभगत द्वारा, अपने निहित स्वार्थों के लिये जनता के लोकतांत्रिक निर्णय का गला घोंटने की साज़िश है। इसका निराकरण अविलम्ब अति आवश्यक है।

**जया शुक्ला**

# कांग्रेस अध्यक्ष ने मणिपुर मामले पर भारत के राष्ट्रपति को पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष ने मणिपुर मामले पर भारत के राष्ट्रपति को पत्र लिखा है। यह साफ है कि उस पत्र का काउंटर करने के लिए अब बीजेपी अध्यक्ष ने कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखा है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि नड्डाजी का पत्र झूठ से भरा है और यह भी उनके 4D - Denial (इंकार करो), Distortion ( तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करो) Distraction (ध्यान भटकाओ) Defamation (बदनाम करो) - तरीके के अनुरूप है। मणिपुर के लोग जल्द से जल्द राज्य में सामान्य स्थिति, शांति और सद्भाव वापस चाहते हैं। इस उद्देश्य से उनके चार सरल सवाल हैं:




1. प्रधानमंत्री कब राज्य का दौरा करेंगे?
2. जब अधिकांश विधायक उनके समर्थन में नहीं हैं तो मुख्यमंत्री राज्य पर कब तक अत्याचार करते रहेंगे?
3. राज्य के लिए पूर्णकालिक राज्यपाल की नियुक्ति कब होगी?
4. जब मणिपुर की बात आती है तो केंद्रीय गृह मंत्री अपनी घोर विफलताओं की ज़िम्मेदारी कब लेंगे?

# होली के दिन पवन की हत्या के दो दोषियों को उम्र कैद

पानीपत, नवंबर : होली के दिन 33 वर्षीय पवन की हत्या के मामले में अदालत ने निर्णय सुनाते हुए आज दोनों दोषियों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इस बारे में इस मामले में पीड़ित पक्ष से केस लड़ रहे सीनियर अधिवक्ता मनोज शर्मा ने मुकदमे कि जानकारी देते हुए बताया कि राजबीर पुत्र कासीराम निवासी वधावा राम कालोनी पानीपत व राजबीर का मौसा हीरा लाल व राजबीर का दोस्त मुकेश पुत्र जो कि पड़ोसी है जो ये तीनों राजबीर के दोस्त पवन पुत्र राजिंन्द्र के घर निवासी डाबर कालोनी कुटानी रोड पर घर होली खेलने गए थे। होली खेलने के बाद पवन मोटर साईकिल पर आ रहा था तो शिव गौरी फैक्ट्री के पास नजदीक देशराज कालोनी पहुंचे तो हमारे दो लडके अपनी मोटरसाईकिल पर सवार थे। उनकी मोटरसाईकिल को मामूली साइड लगने पर उन्होंने पीड़ित के साथ गाली गलौच करते हुए एक आरोपी लडके ने दूसरे आरोपी से कहा सिदार्थ इनको चाकू मारो। सिद्धार्थ ने अपने पेंट की जेब से बटन वाला चाकू निकालकर पवन के पेट में मारा। साथी पवन का बचाव करने लगे तो आरोपी सिद्धार्थ ने फिर अपने हाथ लिए चाकू मुकेश के हाथ और झांग पर चाकू से लगातार कई बार जानलेवा हमला किया। वहीं झगडे को देखकर वहाँ भीड़ इक्क्ठा हो गई जो सिद्धार्थ नाम के आरोपी ने दूसरे अपने साथी आरोपी को अजय पुकार कर कहा कि अब यहां से भाग ले जो वे दोनों आरोपी अपनी मोटरसाईकिल लेकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। राजबीर ने आरोपियों का मोटरसाईकिल नंबर एचआर 06 एडब्ल्यू 3515 मार्का हीरो स्प्लेंडर था। वहीं सूचना मिलने पर पवन के परिजन मौके पर पहुंचे थे तथा घायल पवन और मुकेश को सरकारी हस्पताल पानीपत ले गए थे।



मृतक पवन

जहां डाक्टरों ने पवन को चैकअप के बाद मृत घोषित कर दिया था व घायल मुकेश की हालत गंभीर होने पर रोहतक रेफर कर दिया था। एडवोकेट मनोज शर्मा ने बताया थाना किला पुलिस ने राजबीर की शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए न्यायालय में आरोपियों को पेश कर दिया था। आरोपियों ने अपने वकील के मध्य से जमानत अप्लीकेशन पूर्व पानीपत के न्यायलय रहे न्यायधीश प्रवीण कुमार एडीजे की न्यायलय में लगाई थी। जिसे उन्होंने खारिज कराया था। वहीं इस मामले में गत 19 नवबंर को न्यायधीश ने मृतक पवन व घायल मुकेश के एडवोकेट मनोज शर्मा व आरोपी सिदार्थ व अजय के दोनों वकीलों की अंतिम बहस सुनी थी। जिसके बाद आज न्यायधीश डा.नरेश कुमार सिंघल एडीजे एडीशनल सेशन जज ने मृतक व घायल के सीनियर अधिवक्ता मनोज शर्मा की पैरवी के आधार पर व 17 ग्वाहों व तथ्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है।

# नागरिकों को उनकी अनूठी प्रकृति को समझने में सक्षम बनाना: श्री प्रतापराव जाधव

## आयुष मंत्री ने देश का प्रकृति परीक्षण अभियान की प्रगति पर मीडिया को संबोधित किया

**नई दिल्ली, 22 नवंबर 2024:** आयुष मंत्रालय ने आज राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में एक प्रेस वार्ता आयोजित की, जहां केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रतापराव जाधव ने 29 अक्टूबर 2024 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 9वें आयुर्वेद दिवस समारोह के अवसर पर देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के शुभारंभ के बाद से इसके तहत की गई महत्वपूर्ण प्रगति पर मीडिया को जानकारी दी। ब्रीफिंग के दौरान आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा और राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा पद्धति आयोग




(NCISM) के अध्यक्ष वैद्य जयंत देवपुजारी भी केंद्रीय आयुष मंत्री के साथ मौजूद थे। आयुष मंत्री ने कहा, "मैं देश का प्रकृति परीक्षण अभियान शुरू करने और इसे राष्ट्रीय आंदोलन बनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। मैं अपने स्वयंसेवकों और टीम के अविश्वसनीय प्रयासों की सराहना करता हूं और मुझे विश्वास है कि यह अभियान भारत के लिए परिवर्तनकारी स्वास्थ्य परिणाम लाएगा। आयुर्वेद में वर्णित प्रकृति की अवधारणा जीनोमिक्स के विज्ञान और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) द्वारा किए गए दो दशकों के शोध के आधार पर वैज्ञानिक रूप से सिद्ध भी है। यह अभियान, एक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य जागरूकता पहल है, जिसका नेतृत्व 4,70,000 से अधिक समर्पित स्वयंसेवकों द्वारा किया जाता है और इसका उद्देश्य पूरे भारत में स्वास्थ्य सेवा जागरूकता में क्रांति लाना है। श्री जाधव ने प्रगति पर अपनी संतुष्टि व्यक्त की और समग्र कल्याण की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम के रूप में अभियान की भूमिका पर जोर दिया। मंत्री ने कहा, "यह पहल आयुर्वेद को हर घर के करीब लाती है, नागरिकों को अपनी अनूठी प्रकृति को समझने और व्यक्तिगत, निवारक स्वास्थ्य प्रथाओं को अपनाने के लिए सशक्त बनाती है। आयुष मंत्रालय के नेतृत्व में और भारतीय चिकित्सा पद्धति के राष्ट्रीय आयोग (NCISM) द्वारा प्रबंधित देश का प्रकृति परीक्षण अभियान, वात, पित्त और कफ दोषों के आयुर्वेदिक सिद्धांतों के आधार पर किसी व्यक्ति के अद्वितीय मन-शरीर संविधान या प्रकृति की पहचान करने पर केंद्रित है। यह ज्ञान प्रतिभागियों को बेहतर स्वास्थ्य और बीमारी की रोकथाम के लिए अपनी जीवन शैली, आहार और व्यायाम दिनचर्या को अनुकूलित करने में सक्षम बनाता है। आयुर्वेद के लाभों पर प्रकाश डालते हुए, श्री जाधव ने कहा, किसी की प्रकृति को समझना और उस प्रकृति के आधार पर जीवन शैली की सलाह का पालन करना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में मदद कर सकता है, और गैर-संचारी रोगों (NCD) सहित विभिन्न बीमारियों की रोकथाम में भी मदद कर सकता है। यह दृष्टिकोण आधुनिक पी5 चिकित्सा सिद्धांतों-पूवार्नुमानित, निवारक, व्यक्तिगत, सहभागी और सटीक चिकित्सा के साथ संरेखित है।

# अजय के एक्शन और थ्रिल का जलवा हैः नाम रेटिंग, 4 स्टार

**नई दिल्ली।** अजीब संजोग है कि इस एक्शन थ्रिलर फिल्म के निर्देशक अनीस बज्मी की इन दिनों फिल्म भूल भुलैया 3 बॉक्स आफिस पर धमाका कर रही है तो वही फिल्म के हीरो अजय देवगन की पिछली दो फिल्में शैतान और सिंघम 3 भी टिकट खिड़की पर सुपर हिट है, अब इसी जोड़ी की नाम इस शुक्रवार को रिलीज हुई है , फिल्म का दर्शको की एक क्लास में इस फिल्म का अच्छा अच्छा क्रेज है। डायरेक्टर अनीस की यह फिल्म एक्शन, मसाला और साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। बेशक इस फिल्म की दोनो लीड एक्ट्रेस भूमिका चावला और समीरा रेड्डी इन दिनों फिल्मी पर्दे पर कम ही नजर आती है लेकिन इस फिल्म में इन दोनों एक्ट्रेस ने अपने अपने किरदार को जीवंत कर दिया है। यह फिल्म आपको इन दिनों आ रही लीक से हट कर बनी फिल्मों के दौर से कुछ पीछे ले जाएगी. फिल्म एक्शन, ड्रामा, रोमांस और कॉमेडी का ऐसा तड़का है जो अगर आप बिना तर्क या दिमाग पर जोर न डालकर देखेंगे तो फिल्म आपको बांधकर रखेगी।

**स्टोरी प्लॉटः**

शेखर ( अजय देवगन ) की कहानी फ्लैश बैक से शुरू होती है, एक कार एक्सीडेंट के दौरान शेखर बुरी तरह से घायल होने के साथ ही अपनी याददाश्त भी भूल चुका है । मनाली के अस्पताल ने इलाज के दौरान डॉक्टर पूजा ( भूमिका चावला ) को शेखर से प्यार हो जाता है , पूजा के पति की मृत्यु हो चुकी है और वह अपनी बेटी के साथ रहती है, ठीक होने के बाद पूजा का परिवार ही शेखर की फैमिली बन जाता है , शेखर मनाली में पत्नी और बेटी के साथ रहने लगता है. कुछ अरसे बाद एक दिन शेखर पर जानलेवा अटैक होता है लेकिन शेखर सभी हमलावरों को मार देता है यही से उसका अतीत सामने आना शुरू होता है, इस अटैक के बाद शेखर अपने असली नाम और अतीत की खोज मे लग जाता है वो नहीं चाहता कि उसके अतीत का साया उसकी पत्नी और बेटी पर पड़े। इसीलिए अपने अतीत को जानने के लिए वह मनाली से मुंबई जाता है . क्या वह सच्चाई को जान पाएगा? इसे जानने के लिए आपको यह फिल्म देखनी होगी




**ओवर ऑल**

अजय देवगन ने जबरदस्त एक्शन के साथ अपनी पिछली जिंदगी भूल चुके युवक के किरदार को अच्छे ढंग से निभाया है अजय ने इस स्टोरी के हर किरदार को बखूबी निभाया है. समीरा रेड्डी और भूमिका चावला ने भी अपनी भूमिकाओं के साथ जस्टिस किया है.

और हां , खलनायक के रूप में राहुल देव और यशपाल शर्मा का काम काबिलेतारीफ है. राजपाल यादव, विजय राज और अन्य सपोर्टिंग कैरेक्टर्स ने अपने-अपने किरदारों को बेहतरीन ढंग से निभाया है. मनाली की आउटडोर लोकेशन को कैमरामैन ने बखूबी कैमरे में कैद किया है अगर आप टाइम पास एंटरटेनमेंट और एक्शन थ्रिलर फिल्मों के शौकीन है तो यह फिल्म आपके लिए पैसा वसूल है।

कलाकारः अजय देवगन, समीरा रेड्डी, भूमिका चावला, राहुल देव, विपिन शर्मा , राजपाल यादव,यशपाल शर्मा, विजय राज, निमार्ता : अनिल रूंगटा, निर्देशकः अनीस बज्मी, सेंसर सर्टिफिकेटः यू ए, अवधिः 140 मिनट।

# राहुल गांधी सही हैं, अदाणी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए : लालू



**दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने भ्रष्टाचार के आरोपी उद्योगपति गौतम अदाणी की तत्काल गिरफ्तारी की कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मांग का पुरजोर समर्थन किया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने अमेरिका में अदाणी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों की पृष्ठभूमि मेंशुक्रवार को यहां संवाददाताओं के सवालों के जवाब में यह बात कही। कांग्रेस के पुराने सहयोगी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कट्टर विरोधी प्रसाद ने कहा, राहुल गांधी सही हैं। अदाणी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। राजद अध्यक्ष, जो संयोगवश चारा घोटाले के कई मामलों में दोषी ठहराए जा चुके हैं और जमानत पर हैं। संवाददाताओं ने उनसे झारखंड में विपक्षी इंडिया गठबंधन की संभावनाओं के बारे में भी पूछा। उन्होंने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा, मैं अपने उस बयान पर ध्यान केंद्रित करना चाहूंगा कि अदाणी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। मैं झारखंड में नयी सरकार के बारे में ज्यादा चिंतित नहीं हूं, जहां हम पहले से ही सत्ता में हैं। झारखंड में इंडिया गठबंधन और भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के बीच सीधा मुकाबला है,जिसमें नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जनता दल (यूनाइटेड) शामिल है, जो लालू प्रसाद के कट्टर प्रतिद्वंद्वी और बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री हैं।

# बाईपास मार्गों पर ठेले वालों ने कर रखा है अतिक्रमण, जल्द हटाया जाए

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा




**हसनपुर।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस की मासिक पंचायत तय कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक परिसर में उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने संपन्न हुई, जिसमें पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र सैनी ने कहा कि इस समय गन्ने का सीजन चल रहा है तथा ब्लॉक चौराहे से संभल अड्डे तक तथा रहरा अड्डे से संभल अड्डे तक सड़क के दोनों साइड में ठेले, चाट पकौड़ी, बिरयानी आदि वाले लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है तथा किसानों का गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्राली से गन्ना बाहर निकाला होता है जिस कारण आए दिन किसानों की ठेले लगाने वाले लोगों से नोक झोक तथा हाता पाई तक हो जाती है, अतः उक्त रोड पर दोनों साइडों से अतिक्रमण शीघ्र हटाया जाए, वहीं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने बताया कि 1 अगस्त 2024 को पंजाब नेशनल बैंक के खाते से फ्रॉड कर लगभग 57000 उनके स्वयं के निकल गए थे जिसकी शिकायत करने के बाद भी आज तक पैसा वापस नहीं हुआ, वहीं पंचायत में पहुंचे बैंक मैनेजर अंकुर पांडे ने बताया कि आपका पैसा जल्द ही वापस आ जाएगा, इस मौके पर उदयवीर सिंह राष्ट्रीय सलाहकार ने बताया कि ग्राम करणपुर माफी में वर्ष 2021 में लगभग पौने तीन करोड़ करोड़ की लागत से ओवरहेड टैंक बना था लेकिन आज तक टोटियों में पानी नहीं आया है ऐसे ही हालत सभी गांव की है अतः जांच कर ठेकेदारों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए,बैठक गन्ने का रेट 500 प्रति कुंतल जल्द से जल्द घोषित किए जाने की भी मांग की गई, बैठक की अध्यक्षता रामावतार सिंह द्वारा की गई तथा संचालन उदयवीर सिंह द्वारा किया गया, इस मौके पर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अधाना ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि 25 नवंबर को भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस की एक राष्ट्रीय पंचायत गजरौला के पास टोकारा पट्टी में आयोजित की जा रही है जिसमें संगठन के वरिष्ठ लोग आ रहे हैं तथा सभी संगठन के कार्यकर्ता भारी संख्या में गजरौला के टोकरा पट्टी में पहुंचकर राष्ट्रीय पंचायत को सफल बनाएं, इस मौके पर मुख्य रूप से देवेंद्र सैनी, उदयवीर सिंह, धीरज सिंह, राजू चौहान, बिजेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, हरकेश सिंह, मेवाराम, राम अवतार, अशोक कुमार, चिरंजीलाल, कासिम सूफी, युसूफ सैफी, अमित चंद चौहान, जितेंद्र खड़कवंशी आदि सहित भारी संख्या में किसान संगठन के लोग मौजूद रहे।

# झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही के कारण 13 दिन मौत से जूझती रही राजेंद्री, हरि जिंदगी की जंग

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** शुक्रवार को 13 दिन जिंदगी की आस में मौत से जूझने वाली राजेंद्री ने आखिरकार दम तोड़ दिया इस मौत का कारण है झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही, बताते चलें कि हसनपुर क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे श्यामो देवी नर्सिंग होम में 9 नवंबर को क्षेत्र के गांव रखेड़ा निवासी दुलीचंद ने अपनी पत्नी राजेंद्री की पित्त की थैली का ऑपरेशन करने के लिए नर्सिंग होम में भर्ती किया था, वही ऑपरेशन के बाद महिला की हालत बिगड़ गई और ब्लीडिंग शुरू हो गई दुलीचंद के अनुसार श्यामो देवी नर्सिंग होम के संचालकों ने परिजनों को बिना बताए एंबुलेंस बुलाकर जबरदस्ती मेरठ के एक निजी अस्पताल में भारती करने के लिए भेज दिया लेकिन 9 दिन तक कोई सुधार न होने पर राजेंद्री के पति दुलीचंद ने एक वीडियो वायरल कर हसनपुर के श्यामो देवी नर्सिंग होम पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी जिसका संज्ञान लेकर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर ध्रुवेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ अस्पताल पहुंचे थे लेकिन संचालक और चिकित्सा अस्पताल से फरार हो चुके थे, वही अब 13 दिन बाद दुलीचंद की पत्नी राजेद्री का मेरठ में निधन हो गया वहीं परिजनों द्वारा किसी भी प्रकार की तहरीर नहीं दी गई है तथा परिजनों ने महिला के शब का गंगा घाट पर ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया, जहां एक और इस घटना से लोगों को गहरा झटका लगा है वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई न किए जाने पर भी लोग सवालिया निशान लगा रहे हैं, इस संबंध में सीएमओ सत्यपाल सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी है और संबंधित अस्पताल पर करवाई की जाएगी।

## सैन्य चिकित्सा के बदलते प्रतिमान अनिवार्यताएं और आगे बढ़ने का रास्ता विषय पर हुआ आयोजन




**लोकतंत्र की शान/कौशल रस्तोगी**
**लखनऊ।** 22 नवंबर 2024 ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज (ओटीसी) द्वारा सैन्य चिकित्सा के बदलते प्रतिमान अनिवार्यताएं और आगे का रास्ता विषय पर 22 और 23 नवंबर 2024 को एक सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) लखनऊ छावनी स्थित आर्मी मेडिकल कोर सेंटर और कॉलेज के मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह अशोक चक्र सभागार में आयोजित की गई। 22 नवंबर 2024 को इस सीएमई के उद्घाटन समारोह की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। तदोपरांत सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं की महानिदेशक (डीजीएएफएमएस) सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन, एवीएसएम, वीएसएम ने आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज के कमांडेंट एवं एएमसी रिकॉर्ड्स के प्रभारी लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह और ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज लखनऊ के कमांडेंट एवं मुख्य प्रशिक्षक उपस्थित रहे।



माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी शुक्रवार को सुशान्त गोल्फ सिटी, लखनऊ में श्री जेपी सिंह, प्रमुख सचिव, संसदीय कार्य की सुपुत्री के शुभ विवाह के अवसर पर।

# जिला पूर्ति अधिकारी ने पेट्रोल पंप पर अग्निशमन यंत्र पाए खाली, लगाया जुमार्ना

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा




**अमरोहा /जोया।** शुक्रवार को जिला पूर्ति अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने क्षेत्र के एक पेट्रोल पंप पर जांच पड़ताल की जिसमें पंप पर विभिन्न अनियमित पाई गई जिसके चलते पंप पर जुमार्ने की कार्रवाई की गई, बताते चलें कि जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी के नेतृत्व में पूर्ति निरीक्षक शौदान सिंह वह अन्य संबंधित अधिकारियों ने जोया क्षेत्र के ग्राम पृथ्वीपुर में आर के फिलिंग स्टेशन की जांच पड़ताल की जिसमें अग्निशमन यंत्र खाली पाए गए तथा हवा भरने की मशीन क्रियाशील नहीं मिली वहीं शौचालय व्यवस्था भी सही नहीं मिली जिसके चलते जिला पूर्ति अधिकारी रीना कुमारी ने संबंधित पेट्रोल पंप पर जुमार्ने की कार्यवाही की, वहीं उन्होंने सभी पेट्रोल पंपों पर शौचालय व्यवस्था दुरुस्त रखने, पंप से संबंधित आवश्यक अभिलेखों का रखरखाव रखने, मार्केटिंग डिसिप्लेन गाइडलाइंस का पालन करने के लिए आदेशित किया वहीं उन्होंने कहा कि यदि किसी भी पेट्रोल पंप पर घटतोली वह अन्य किसी भी प्रकार की उपभोक्ता की शिकायत आती है तो संबंधित पेट्रोल पंप पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी, इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक शौदान सिंह वह अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

# संभल प्रकरण के चलते अमरोहा जिला रहा हाई अलर्ट पर, शांतिपूर्ण संपन्न हुई जुम्मे की नमाज

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**अमरोहा।** जिले में शुक्रवार को जुम्मे की नवाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर दिखाई दिया, जिले की सभी मस्जिदों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा साथ ही पुलिस अधीक्षक खुद फोर्स के साथ सड़क पर उतरे और स्थिति का जायजा लेते रहे तथा संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे, भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो गई शांतिपूर्ण संपन्न नवाज के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि जिले में जुम्मे की नमाज को लेकर सुबह से ही पुलिस प्रशासन अलर्ट था, जुम्मे की नवाज को सकुशल संपन्न कराया गया, साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान ना देने और अफवा न फैलाने तथा अफवाह फैलाने वालों के संबंध में पुलिस को बताने की अपील की गई है, उधर हसनपुर की जामा मस्जिद सहित विभिन्न मस्जिदों पर जुम्मे की नमाज को लेकर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# नाली में पानी बहने के विवाद पर चले लाठी डंडे हुआ पथराव, तीन महिलाओं सहित 6 लोग घायल



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**
**हसनपुर।** शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों के 6 लोग घायल हो गए वहीं घायलों को नजदीकी सीएचसी केंद्र में मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया और पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। बता दें कि शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव मंगरौला निवासी विजेन्द्र ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी पुत्री मिनाक्षी एवं कंचन पुत्री बब्लू अपने घर पर गाड़ी धो रही थीं। जहां नाली में पानी जाने के चलते दूसरे पक्ष ने मारपीट शुरू कर दी जिसमें दोनों लड़कियां समेत अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मामले में कपिल देव का आरोप है कि दूसरी तरफ से जमकर पथराव किया गया जिसमें मीना पुत्री रामचन्द्र एवं कपिल देव घायल हो गए। वही दोनों पक्षों की तरफ से कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई। जहां कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया और पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

# इन्द्रजीत सिंह के प्रयासो से सभी जाति व धर्म के 27 जोड़ो का विवाह पूर्ण विधि-विधान से सम्पन्न कराया

**लोकतंत्र की शान /देवेंद्र शर्मा**



उ.प्र. सरकार की मा. मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नगर निगम लखनऊ द्वारा समाज कल्याण विभाग के सहयोग एवं नगर आयुक्त श्री इन्द्रजीत सिंह के प्रयासो से सभी जाति व धर्म के 27 जोड़ो का विवाह पूर्ण विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। योजना के अंतर्गत जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालक विद्यालय, मोहान रोड में विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। योजना में निर्धारित निदेशो का अनुपालन करते हुए प्राप्त आवेदनों की जाँच कर विवाह योग्य जोड़ो को चयन किया गया था। योजना में अनुसूचित जाति के 17, सामान्य के 03, पिछड़ी जाति के 04 व अल्पसंख्यक 03 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। सभी जोड़े विवाह हेतु अपने परिवारीजनो के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा. बैजनाथ रावत, अध्यक्ष उ.प्र. अनुसूचित जाति-जनजाति आयोग के करकमलो द्वारा नवविवाहित जोड़ो को बिछिया-पायल की भेंट सहित प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए आशीर्वाद दिया गया तथा उनके सुखमय व उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इसके अतिरिक्त अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। आयोजन में नगर निगम के समस्त सम्बन्धित कर अधीक्षक व राजस्व निरीक्षक व लिपिक सहयोग हेतु उपस्थित रहे। वैवाहिक कार्यक्रम में योजना के निदेशो के अनुरूप विवाहितों को उपहार तथा समस्त अतिथियों को भोजन कराकर कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्वा मेट्रो लाइन का होगा विस्तार




**लखनऊ, 22 नवंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुक्रवार को हुई मंत्री परिषद् की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच मेट्रो रेल सेवा के एक्वा लाइन का विस्तार किया जाएगा। को भी मंजूर कर लिया गया है। सेक्टर 51 मेट्रो स्टेशन से ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क-20 तक यातायात को और सुगम बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। वहीं इसके अलावा प्रदेश के 9 शहरी विकास प्राधिकरणों के विस्तारीकरण के लिए सीड कैपिटल मुहैया कराने के प्रस्ताव पर भी योगी कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। साथ ही साथ चित्रकूट में 800 मेगावॉट की सौर परियोजना में ट्रांसमिशन लाइन और सबस्टेशन के लिए धन आंवटन को भी मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत कानपुर विकास प्राधिकरण की सीमा में 80 गांव को जोड़ने के प्रस्ताव पर भी कैबिनेट की मुहर लग गई है। यह फैसला कानपुर नगर के विकास को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

**एक्वा मेट्रो लाइन का होगा विस्तार**

वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने शुक्रवार को लोकभवन में मीडिया को बताया कि नोएडा से ग्रेटर नोएडा में यातायात को और सुगम बनाने के लिए 17.435 किमी लंबी सेक्टर 51 नोएडा स्टेशन से ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क 20 तक एक्वा लाइन मेट्रो परियोजना के विस्तार के संबंध में मंत्रीमंडल द्वारा प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। इसमें 394 करोड़ रुपए भारत सरकार और 394 करोड़ रुपए राज्य सरकार की ओर से खर्च किये जाएंगे। राज्य सरकार की ओर से 40 प्रतिशत धनराशि नोएडा और 60 प्रतिशत धनराशि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत की जाएगी।

# भाई-भतीजावाद खत्म कर सरकार कर रही निष्पक्ष-पारदर्शी भर्तियां : योगी आदित्यनाथ




**लखनऊ, 22 नवंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित 701 वन दरोगाओं का नियुक्ति पत्र वितरण किया। शुक्रवार को लखनऊ के लोकभवन सभागार में वन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों और सरकारी प्रतिबद्धताओं को साझा करते हुए सभी नव नियुक्त वन दरोगाओं को उनकी नई जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया और उन्हें बधाई दी। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि सरकार प्रदेश में व्याप्त भाई-भतीजावाद को खत्म कर निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित की है। सीएम योगी ने कहा कि यह नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष थी, जिसमें मेरिट के आधार पर युवाओं को उनके सपनों को साकार करने का मौका दिया गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (वढररउ) की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2017 से अब तक सात लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। यह पारदर्शिता और निष्पक्षता का परिणाम है कि युवाओं को बिना किसी भेदभाव के रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं।

**प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया से भाई-भतीजावाद और भेदभाव को खत्म किया - सीएम**

सीएम योगी ने कहा कि पहले जब उत्तर प्रदेश में कोई भर्ती निकलती थी तो महाभारत के रिश्ते एक साथ टपक पढ़ते थे। हम लोगों ने इस पूरी भर्ती की प्रक्रिया से सारे नातेदारी और रिश्तेदारी को खत्म किया है। सीएम ने कहा कि संबंधित अधिकारियों और विभाग को बहुत ही स्पष्ट रूप से कहा गया कि उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता हमारे परिवार का हिस्सा है और कोई भी भेदभाव उनके साथ नहीं होना चाहिए, किसी भी नौजवान के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। सीएम ने कहा कि आपने देखा होगा कि सारी प्रक्रियाओं को बेहद पारदर्शी तरीके से संपन्न किया जा रहा है। सीएम योगी ने चयनित अभ्यर्थियों से कहा कि सरकार इतने पारदर्शी तरीके के साथ इस पूरे प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए आयोग और बोर्ड की मदद से इस कार्यक्रम को आगे बढ़ा रही है इसलिए सरकार आपसे बेहतर पारदर्शी और निष्पक्ष कार्य की अपेक्षा भी करती है।

# लखनऊ विश्वविद्यालय में योग कुंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ

**लोकतंत्र की शान/कौशल रस्तोगी**




**लखनऊ।** विश्वविद्यालय के योग विभाग,फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में विश्वविद्यालय के 104वे स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत योग कुंभ नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फैकल्टी के कोऑर्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव ने बताया कि प्रातः काल 6:00 बजे से विश्वविद्यालय के गौरव स्थल पर योग निष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें योग फैकल्टी की महिला छात्राओं द्वारा साड़ी परिधान में संगीतमय योगासनों की प्रस्तुति कर सबको रोमांचित कर दिया। प्रातः 9:00 से योग सभागार में योगासन प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें परास्नातक वर्ग में इतिका बाजपेयी प्रथम,द्वितीय स्थान पर वर्षा,तृतीय स्थान प्रीति मनुज रहीं ।स्नातक वर्ग में प्रथम स्थान अवनी रावत, द्वितीय स्थान सिद्धार्थ तथा तृतीय स्थान रागिनी ने प्राप्त किया।11:00 बजे से योग सभागार में कार्यशाला एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार सोनकर, डॉ.उमेश कुमार शुक्ला डॉ.रामकिशोर एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# 'वसुधैव कुटुंबकम' भारत का शाश्वत संदेश : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ, 22 नवंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'वसुधैव कुटुंबकम' के आदर्श वाक्य के महत्व पर जोर देते हुए इसे भारत की वैश्विक मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया है। उन्होंने इसे भारत का शाश्वत संदेश बताते हुए कहा कि हमने हमेशा से शांति, सौहार्द और सह-अस्तित्व को प्राथमिकता दी है। सीएम योगी ने यह बात शुक्रवार को एलडीए कॉलोनी, कानपुर रोड स्थित सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) के वर्ल्ड यूनिटी कन्वेंशन सेंटर में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 25वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करने के दौरान अपने संबोधन में कही। कार्यक्रम में 56 देशों के 178 मुख्य न्यायाधीश और डेलिगेट्स ने भाग लिया।

**'अनुच्छेद 51 की भावनाओं को विश्व शांति और सुरक्षा के लिए प्रेरक'**

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 51 की भावनाओं को विश्व शांति और सुरक्षा के लिए प्रेरक बताया। उन्होंने कहा कि यह अनुच्छेद सम्मानजनक अंतरराष्ट्रीय संबंधों को विकसित करने और संघर्षों को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने के लिए नैतिक मार्ग का अनुसरण करने के लिए हम सभी को प्रेरित करता है। उन्होंने समारोह को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि 26 नवंबर 2024 को संविधान अंगीकरण के 75 वर्ष पूरे होंगे। यह संविधान के अंगीकृत होने के अमृत महोत्सव वर्ष की शुरूआत के दौरान आयोजित हो रहा है।



# हरियाणा

# महाराष्ट्र और झारखंड में भाजपा सरकार बनाएगी : अनिल विज

## कांग्रेस झूठ बोलने यूनिवर्सिटी है जिसमें चैप्टर है कि जब हार जाओ तो ईवीएम को लेकर रोना है, यह (कांग्रेस) तो अपने स्लेबस के मुताबिक चल रहे हैं : विज

अम्बाला छावनी, नवंबर : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव के बाद एग्जिट पोल पर परिणामों को लेकर दोनों राज्यों में भाजपा की सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि मुझे अपने आंकलन का पता है जो हरियाणा में भी ठीक था, महाराष्ट्र और झारखंड में भाजपा सरकार बनाएगी।

कांग्रेस ने एक बार फिर से हरियाणा में 14 विधानसभा में ईवीएम हैक करने का आरोप लगाया है जिस पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि यह कांग्रेस की झूठ बोलने की यूनिवर्सिटी में चैप्टर है कि जब हार जाओ तो ईवीएम को लेकर रोना है, यह तो अपने स्लेबस के मुताबिक चल रहे हैं। ईवीएम कांग्रेस के जीने का सहारा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ईवीएम का नाम लेकर रोते रहेंगे और उनके पास कुछ है ही नहीं और ये तो हर चुनाव में होता है। जब भी कांग्रेस हारती है तो ईवीएम को लेकर रोती है। उन्होंने कहा यदि हरियाणा में ईवीएम खराब हुई तो इनके भी तो प्रत्याशी जीते हैं।


हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज

### विनेश फोगाट के लापता होने के पोस्टर लगने पर मंत्री अनिल विज बोले, मुझे इस संबंध में जानकारी नहीं

**जुलाना** में कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट के लापता होने के पोस्टर लगने पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि विधानसभा सत्र में जब शपथ होनी थी तब वह आई थी और उसके बाद वह क्यों नहीं आई, इसके बारे वहीं बता सकती है और मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

### भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है : विज

**कांग्रेस** नेता कुमारी शैलजा के भाजपा द्वारा लोगों को आवास देने के वायदे के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि अभी सरकार बनी है और शैलजा क्यों परेशान हो रही है, भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है।

### राहुल गांधी देश को खंड-खंड करने का काम कर रहे : विज

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान कि तेलंगाना में जातिगत गिनती का कार्य 70 प्रतिशत हो चुका है, पर ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि राहुल गांधी देश को खंड-खंड करने का काम कर रहे हैं, पहले भी इन्होंने किया, इन्होंने धर्म के आधार पर देश का बंटवारा कराया जोकि इतिहास की बड़ी घटना है। इन्होंने धर्म के आधार पर देश का बंटवारा कराया, फिर 1984 में सिखों का कत्लेआम कराया। राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी ने कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है, तब हजारों लोग मारे गए थे। अब यह सारे देश को जातियों में बांटना चाहते हैं ताकि गांव से गांव वाला, गली से गली वाला, शहर से शहर वाला लड़े, यह ऐसा बीज बोना चाहते है। अनेकता में एकता भारत की विशेषता है और हमें एक बनकर व भारतीय बनकर रहना चाहिए।

# छावनी रेलवे स्टेशन को जल्द मार्डन रेलवे स्टेशन बनाया जाए, जो कार्य होने है वह पूरे किए जाए : विज

## ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने रेलवे डीआरएम के साथ रेलवे से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की

अम्बाला छावनी, नवंबर : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से अम्बाला रेल मंडल के डीआरएम मनदीप सिंह भाटिया ने मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान रेलवे से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई।विज ने अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन एवं रेलवे कालोनी में विभिन्न कार्यो को लेकर चर्चा करते हुए इन्हें जल्द पूरा करने को कहा ताकि आम जनता को इसका जल्द से जल्द लाभ मिल सके। उन्होंने अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन को मार्डन स्टेशन के तौर पर विकसित करने को लेकर डीआरएम मनदीप सिंह भाटिया से चर्चा की तथा जो-जो कार्य आगे होने है उनको जाना। उन्होंने कहा कि छावनी स्टेशन को मार्डन रेलवे स्टेशन बनाया सके इसके लिए रेलवे जल्द कार्य करे ताकि यात्री सुविधाओं में इजाफा हो सके। उन्होंने कहा कि अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन उत्तर भारत का एक बड़ा रेलवे जंक्शन है और यहां पर रेल सुविधाओं को बढ़ाया जा तथा आधुनिक रूप दिया जाए। स्टेशन को लेकर उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर रेल मंडल के सीनियर डीसीएम एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


रेलवे डीआरएम के साथ रेलवे से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा करते मंत्री अनिल विज

### रेलवे कालोनी में सड़कों की मुरम्मत एवं अन्य कार्यों को पूरा करने पर चर्चा

कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने डीआरएम को रेलवे कालोनी में सड़कों की मरम्मत कार्य जल्द प्रारंभ करने को कहा। उन्होंने कहा कई सड़कों व गलियों की हालत ठीक नहीं है जहां मरम्मत की जरुरत है। इसके अलावा, नालियों व गलियों में सफाई कार्य को और बेहतर करने तथा कालोनी में पानी निकासी को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कालोनी में जहां-जहां स्ट्रीट लाइट सही नहीं है उसे भी दुरुस्त किया जाए ताकि रात्रि में लोगों को आने-जाने में परेशानी न झेलनी पड़े।

### अम्बाला-सहारनपुर रेल मार्ग पर अंडर ब्रिज रि-डिजाइन किया जाए : विज

**ऊर्जा** व परिवहन मंत्री अनिल विज ने अम्बाला-सहारनपुर रेलमार्ग पर शास्त्री कालोनी के पास रेलवे अंडर ब्रिज को रि-डिजाइन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान अंडरब्रिज में पानी निकासी एवं अन्य दिक्कत है जिन्हें ठीक किया जाना जरूरी है, इसलिए यहां नया अंडरब्रिज बनाने के लिए इसके रि-डिजाइन किया जाए। गौरतलब है कि इस अंडरब्रिज से प्रतिदिन हजारों लोग रेलवे कालोनी, दुधला मंडी, गुलाब मंडी, शिवाला मंडी, शाहपुर, शास्त्री कालोनी, बंधु नगर एवं अन्य कालोनियों से हजारों लोग सदर क्षेत्र की तरफ आते-जाते है और छावनी में यह व्यस्त अंडरब्रिज है।

# शहीदों के कर्ज को कभी चुकाया नहीं जा सकता : कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा


शहीद सम्मान समारोह में शिरकत करते हुए लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा।

## बरवाला विधानसभा क्षेत्र के धन्यवादी दौरे के दौरान नागरिकों की समस्या सुन अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

हिसार, नवंबर : लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने बरवाला विधानसभा क्षेत्र के गांव मिर्जापुर एवं नियाणा का धन्यवादी दौरा कर स्थानीय नागरिकों की समस्या सुनकर समाधान की दिशा में निर्देश दिए।

धन्यवादी दौर के दौरान गांव मिर्जापुर स्थित शहीद लेफ्टिनेंट हवा सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मिर्जापुर में आयोजित 54वें शहीद सम्मान समारोह में शिकरत कर जनसमूह को संबोधित किया। इसके बाद लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने गांव नियाणा स्थित श्री शिव गौशाला में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ष गौशालाओं की देखभाल के लिए अनुदान राशि में वृद्धि कर रही है। गंगवा ने बताया कि हमारी संस्कृति में गौ माता को महत्वपूर्ण स्थान हासिल है। गंगवा ने गौ रक्षा का संकल्प देते हुए कहा कि गौ बहुउपयोगी है इसलिए हम गौ माता का पूजन करते हैं। उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा करने का प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है, उसी तरह गाय माता की भी निस्वार्थ भाव से सेवा करने का सभी का दायित्व है। लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि मानव सेवा से भी बड़ी सेवा गौ माता की सेवा है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने घर में गाय का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और समस्याओं के निवारण की दिशा में समाधान करने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व राज्य सभा सांसद डीपी वत्स, माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल, हिसार एसडीएम हरबीर सिंह, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, मिर्जापुर सरपंच साधु राम, पान्ना महराणा सरपंच प्रतिनिधि संजय, शहीद सोसायटी के प्रधान रामकेश एवं उपप्रधान विष्णु दत्त, भाजपा नेता कृष्ण बिश्नोई सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ये शोध हमारे तकनीकी विकास को देंगे गति : प्रो: फिलिप स्मिट

चंडीगढ़, नवंबर : महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जर्मनी की टेक्निकल यूनिवर्सिटी, म्यूनिच के प्रो. फिलिप स्मिट कॉपलिन ने कहा कि फंक्शनल मैटेरियल्स के नए शोधों की तकनीकी, चिकित्सा, ऊर्जा, पर्यावरण और अन्य विभिन्न क्षेत्रों में विशेष महत्ता है। ये शोध न केवल हमारे तकनीकी विकास को गति देंगे बल्कि हमारी जीवनशैली को भी अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाएंगे। प्रो. फिलिप ने कहा कि फंक्शनल मैटेरियल्स आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में न केवल क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं बल्कि आने वाले समय में हमारे जीवन को भी नई दिशा प्रदान करेंगे। इनके विकास से विज्ञान और इंजीनियरिंग में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर पधारी आईआईटी दिल्ली की प्रो. वीना चौधरी ने कहा कि फंक्शनल मैटेरियल साइंस में होने वाले परिवर्तनशील विकास को समझकर हम अपने देश की तकनीकी और वैज्ञानिक क्षमता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। फैकल्टी ऑफ फिजिकल साइंसेज के डीन प्रो. एससी मलिक ने विज्ञान के क्षेत्र में शोध कार्य के दौरान एडवांस टेक्नोलॉजी की जरूरत पर बल देने की बात कही। इस अवसर पर केमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष एवं इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के कन्वीनर प्रो. देवेन्द्र सिंह, इंडियन सोसायटी ऑफ एनालिटिकल साइंटिस्ट दिल्ली चैप्टर के सचिव डॉ. धीर सिंह, इंडियन सोसायटी ऑफ एनालिटिकल साइंटिस्ट दिल्ली चैप्टर के कोषाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कुमार ने भी विचार रखे।

# जेसी बोस विवि के मीडिया छात्रों ने जिला युवा महोत्सव में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

चंडीगढ़, नवंबर : जेसी बोस विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के छात्रों ने जिला युवा महोत्सव में अपने कौशल और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए कई श्रेणियों में पुरस्कार जीते हैं। महोत्सव में समूह लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, भाषण, पोस्टर मेकिंग, कहानी लेखन और विज्ञान व प्रौद्योगिकी पर आधारित प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। जिनमें से इस संसथान को 4 पुरस्कार मिले। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में बीएजेएमसी तृतीय वर्ष के विद्यार्थी विस्तृत गुप्ता ने प्रथम पुरस्कार, धीरेन सिंह ने द्वितीय और एमएजेएमसी के छात्र हेमंत शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त एमएजेएमसी के छात्र साहिल कौशिक उर्फ स्काई ने भाषण एवं कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# हरियाणा सरकार में सभी सरकारी विभाग भ्रष्टाचार के बने हुए अड्डे : अभय सिंह चौटाला

चंडीगढ़, नवंबर : इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार में सभी सरकारी विभाग भ्रष्टाचार का अड्डा बने हुए हैं। कोई एक दिन ऐसा नहीं जाता, जब अखबार में किसी न किसी सरकारी विभाग के अंदर हो रहे भ्रष्टाचार की खबर न छपती हो। बावजूद इसके सरकार द्वारा कोई लगाम नहीं लगाई जा रही। इसका सबसे बड़ा कारण है कि संतरी से लेकर मंत्री तक सभी जमकर लूटने में लगे हैं। प्रदेश में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी जा चुकी हैं। हालत यह है कि छोटे बच्चों तक को नहीं बक्शा जा रहा। बुधवार को कैथल में छोटे बच्चों से जुड़ा हुआ भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। जिसमें आंगनवाड़ी केंद्र में 06 से 12 साल के बच्चों को दी जाने वाली माइक्रोन्यूट्रिएंट फोटीफाइड पंजीरी एक्सपायरी डेट की दी जा रही है। जब एक जिले में यह हाल है तो पूरे प्रदेश में ही आंगनवाड़ी केंद्रों में भी एक्सपायरी डेट की पंजीरी छोटे बच्चों को दी जा रही होगी। यह छोटे बच्चों की सेहत से जुड़ा हुआ बहुत ही गंभीर मामला है। एक्सपायरी डेट की पंजीरी खाने से बच्चों को फूड पॉइजनिंग, गंभीर रूप से संक्रमण और पेट से जुड़ी गंभीर बीमारियां होने का खतरा है। ऐसे में बच्चों की जान को खतरा हो सकता है। यह पंजीरी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दी जाती है। ऐसे में महिला एवं बाल विकास विभाग में कितने बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हो रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक्सपायरी डेट की पंजीरी आंगनवाड़ी केंद्रों में सप्लाई करना इसका जीता जागता उदाहरण है। एक्सपायरी डेट की पंजीरी को तुरंत सभी आंगनवाड़ी केंद्रों से हटाया जाए और हरियाणा सरकार इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाए तक दोषियों को सजा दिलवाई जा सके।


अभय चौटाला

# हरियाणा में हर महीने करीब 1500 कैंसर रोगियों की हो रही मौत, यह चिंता का विषय : कुमारी सैलजा

**कहा, कैंसर प्रभावित जिलों के सभी अस्पतालों में हो विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति**

**सांसद ने कैंसर रोगियों के उपचार की सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए सीएम को पत्र लिखा**

चंडीगढ़, नवंबर : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में कैंसर रोगियों की बढ़ती संख्या और इलाज की सीमित सुविधाएं एक गंभीर मुद्दा है। सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला जैसे जिलों में कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जिससे मरीजों और उनके परिवारों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि हरियाणा के सभी जिलों के सिविल अस्पतालों में कैंसर उपचार की सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।



इससे न केवल मरीजों को प्रदेश में ही उचित इलाज मिल सकेगा बल्कि उनका समय और संसाधन भी बचेगा। सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि हरियाणा में कैंसर रोगियों की बढ़ रही है।

विशेष रूप से घग्गर नदी के किनारे पड़ने वाले जिलों जैसे सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला में। सिविल अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता के साथ-साथ समुचित उपचार के अभाव में रोगी अपनी बहुमूल्य जान गंवा रहे हैं। बताया गया है कि हरियाणा में हर महीने लगभग 1500 कैंसर रोगी कैंसर से मर रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है।

### रोगियों को विशेषज्ञों की कमी के कारण हो रही दिक्कत

उनके संसदीय क्षेत्र सिरसा, जिसमें घग्गर नदी के किनारे पड़ने वाले सिरसा, फतेहाबाद शामिल हैं, के कैंसर रोगियों को या तो पीजीआई रोहतक/चंडीगढ़/राष्ट्रीय कैंसर संस्थान झज्जर में इलाज के लिए जाना पड़ता है। जहां रोगियों की संख्या बहुत अधिक होने के कारण उन्हें अपनी बारी और भर्ती होने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है या फिर उनके पास हरियाणा और हरियाणा से बाहर के निजी अस्पतालों जैसे बीकानेर, जयपुर, दिल्ली में जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता, जो आम आदमी के लिए काफी महंगा और वहनीय नहीं है। ऐसी विकट स्थिति में, जो इतने लंबे समय से बनी हुई है, हरियाणा सरकार को सभी कैंसर प्रभावित/प्रभावित जिलों के नागरिक अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के लिए विशेष कदम उठाने चाहिए ताकि उन्हें न केवल उचित और समय पर इलाज मिल सके बल्कि उनकी जान भी बच सके और उन पर आर्थिक बोझ भी कम हो। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री इस गंभीर चिंता के मामले पर गौर करेंगे और कैंसर रोगियों के व्यापक हित में जल्द कैंसर प्रभावित जिलों के सभी नागरिक अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के लिए उचित कदम उठाएंगे।

# आयुष्मान कार्ड को न मानने वाले प्राईवेट अस्पतालों पर की जाए कड़ी कार्रवाई : राज्यमंत्री गौरव गौतम


हरियाणा के राज्य मंत्री गौरव गौतम गुरूवार को लघु सचिवालय में कष्ट निवारण समिति के दौरान शिकायतों की सुनवाई करते हुए।

सोनीपत, नवंबर : युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड को न मानने वाले प्राईवेट अस्पतालों पर कड़ी कार्रवाई करें ताकि लोगों को ईलाज के लिए ईधर-उधर न घूमना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीब लोगों के मुफ्त में ईलाज करवाने के लिए आयुष्मान कार्ड व चिरायु योजना की शुरूआत की थी, इसलिए इस योजना के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री ने कष्ट निवारण समिति की बैठक में रखी गई 21 शिकायतों की सुनवाई करते हुए 17 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया।

### प्रॉपर्टी आईडी ठीक करने के नाम पर पैसे ले रहे सीएससी सेंटरों और अधिकारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

### जिला में हो रहे अवैध निमार्णों पर तुरंत लगाई जाए रोक, अवैध निर्माण करने वाले पर प्रशासन करें सख्त कार्रवाई

### युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री ने कष्ट निवारण समिति की बैठक में 21 में से 17 शिकायतों का मौके पर किया समाधान

हरियाणा के राज्य मंत्री गौरव गौतम गुरूवार को लघु सचिवालय में कष्ट निवारण समिति के दौरान शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उनके समक्ष गांव दीपालपुर निवासी प्रमिला की शिकायत आई कि उनके पति हरदीप सिंह अचानक बीमार हो गए थे तो उन्हें शहर के प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसके तीन बाद उनकी मौत हो गई। इस दौरान उन्होंने अस्पताल को अपना आयुष्मान कार्ड दिखाया तो उन्होंने उस कार्ड को चलाने से मना कर दिया और उनके पति के ईलाज के लिए उनसे चार लाख रुपए ले लिए। इस शिकायत पर राज्यमंत्री ने गहरी नाराजगी जताते हुए डिप्टी सीएमओ को निर्देश दिए कि तुरंत इसकी जांच करें अगर इस महिला का उस समय आयुष्मान कार्ड बना था तो उस अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई करें और उनके पैसे वापस करवाएं। जिला के विभिन्न गांवों में हो रहे अवैध निमार्णों को लेकर आई शिकायतों को लेकर राज्यमंत्री ने डीटीपी को निर्देश दिए कि जिला में कहीं भी अवैध निर्माण नहीं होना चाहिए।

बैठक में हिन्दू कॉलेज रेलवे पुल के निर्माण के लिए राज्यमंत्री ने विधायक निखिल मदान व अधिकारियों को मौका मुआयना करने को कहा ताकि इसका स्थाई समाधान हो सके और लोगों को राहत मिल सके। देव नगर के लोगों द्वारा दी गई पानी की समस्या को लेकर शिकायत पर राज्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला की हर कॉलोनी व सेक्टर में पानी की उचित व्यवस्था होनी चाहिए, भविष्य में पानी को लेकर उनके समक्ष शिकायत आई तो संबंधित अधिकारियों पर भी कार्रवाई होगी। बैठक में गांव अटेरना निवासी सतपाल की शिकायत पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि इनसे कागजात लेकर तुरंत कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता को या तो जमीन दिलवाई जाए या उसके पैसे दिलवाए जाएं। गांव रोहट निवासी ओमप्रकाश द्वारा दी गई गली पर अवैध कब्जे की शिकायत पर उन्होंने तुरंत कब्जा हटवाने के निर्देश दिए।

इस मौके पर सोनीपत से विधायक निखिल मदान, खरखौदा से विधायक पवन खरखौदा, गन्नौर से विधायक देवेन्द्र कादियान, भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार, डीसीपी नरेन्द्र सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम निर्मल नागर, श्वेता सुहाग, अमित कुमार, नगराधीश रेणुका नांदल, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त नरेश कुमार सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# भारतीय संस्कृति दुनिया की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति : राज्यसभा सांसद सुभाष बराला

## राज्यसभा सांसद ने किया दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ



फतेहाबाद राजकीय महिला कॉलेज भोडिया खेड़ा के सभागार में दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव को संबोधित करते मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला (दाएं) फतेहाबाद राजकीय महिला कॉलेज भोडिया खेड़ा के सभागार में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव में प्रस्तुति देते युवा।

फतेहाबाद, नवंबर : युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा महोत्सव का दो दिवसीय कार्यक्रम राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा के सभागार हाल में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस महोत्सव में प्रतिभागियों द्वारा हरियाणवी वेशभूषा में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उपस्थितजनों ने तालियों की गडगड़ाहट से प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने युवा शक्ति को अपने जीवन में अनुशासन का पालना करने हेतू प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि हम अपनी लोक संस्कृति से जुड़कर रहेंगे तो समाज और देश के अच्छे नागरिक बन पाएंगे। सांसद ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति दुनिया की सर्वश्रेष्ठ संस्कृति है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सांस्कृतिक व खेलकूद गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इन सभी गतिविधियों में भाग लेने से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवा चयनित होते हुए राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर जिला व देश का नाम रोशन करे।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि कला, साहित्य, संगीत, नाटक आदि विधाओं में प्रतिभागिता से व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने में युवा वर्ग तथा विद्यार्थियों का विशेष योगदान होगा। सन् 2047 तक विकसित भारत का स्वप्न युवा वर्ग के प्रयासों से पूरा होगा। उन्होंने युवा तथा विद्यार्थी वर्ग से राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सौ प्रतिशत योगदान देने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व कल्याण का महान विचार भारत की देन है। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. जयवीर यादव, कॉलेज की प्राचार्य डॉ. लखबीर कौर, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भीम लांबा, ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि अनिल कुमार, अनिल सिहाग धांगड़, जिले सिंह बराला, पूर्व सरपंच सिमरनजीत, किरणपाल, जयदीप बराला, कमलदीप धुंधवाल, रवि लांबा, अजित गाजुवाला, विकास शहरावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य व विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन ने किया केंद्रीय कारागार का औचक निरीक्षण



## महिला बंदियों व अन्य से बातचीत करते हुए जेल में दी जाने वाली सुविधाओं बारे ली जानकारी

कुरुक्षेत्र, नवंबर : हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन एवं एडवोकेट सोनिया अग्रवाल ने वीरवार को केंद्रीय कारागार कुरुक्षेत्र का निरीक्षण करते हुए यहां पर महिला बंदियों व अन्य हवालातियों को जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, उसका जायजा लिया। यहां पंहुचने पर कार्यकारी जेल अधीक्षक अमित कुमार ने वाइज चेयरपर्सन को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाईस चेयरपर्सन एवं एडवोकेट सोनिया अग्रवाल ने जेल अधीक्षक से महिला बंदियों के साथ-साथ अन्य हवालातियों को जो सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, उसकी जानकारी हासिल की। उन्होंने महिला वार्ड में जाकर महिला बंदियों से यहां पर जो सुविधाएं दी जा रही हैं, उसकी जानकारी हासिल करते हुए उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी तो नहीं है के बारे में जाना। यहां पर बंदियों के रहने के साथ-साथ उनके खान-पान की सुविधाओं की जानकारी लेते हुए यहां पर उन्हें अपने केसों से सम्बंधित कानूनी सहायता भी उपलब्ध करवाई जाती है के बारे में भी जाना। जेल अधीक्षक अमित कुमार ने चेयरपर्सन को अवगत करवाया कि यहां पर 31 महिला बंदी हैं, जिनमें से 5 महिलाओं को सजा हो चुकी है और बाकी केसों में कानूनी प्रक्रिया जारी है। जेल प्रशासन द्वारा यहां पर बंदियों के रहने के साथ-साथ खाने-पीने की सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ-साथ महिलाओं के लिए सिलाई सेंटर की भी व्यवस्था है ताकि वे सिलाई कार्य में निपुण होकर आत्मनिर्भर बन सकें। उनके साथ जो बच्चे हैं, उनके लिए भी व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। जेल प्रशासन का पूरा प्रयास रहता है कि यहां पर रह रहे बंदियों को नियमानुसार सभी सुविधाएं उपलब्ध हों।

## संक्षिप्त समाचार

### साइकिल यात्रा का समाजसेवियों ने किया स्वागत

**चित्रकूट।** जब भौतिक विकास की बात होती है तो हम पाते हैं कि जल थल नभ में हमारा ही डंका बज रहा है तकनीकी क्षेत्र में हमने बहुत विकास कर लिया है। लेकिन विकास की इस चकाचौंध में जिस चीज को हम खोते जा रहे हैं वे हैं मानवीय मूल्य। यात्रा साइकिल द्वारा की जा रही है। 18 नवंबर को संत रविदास नगर भदोही के जिला अधिकारी विशाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।
संत रविदास की पावन धरती ज्ञानपुर से चित्रकूटधाम के लिए मानवता का संदेश लेकर स्वास्थ्य शिक्षा एवं सांस्कृतिक संस्थान के नीरज उपाध्याय एवं सच्चिदानन्द दुबे द्वारा यह यात्रा साइकिल से की जा रही है। इस यात्रा की चित्रकूटधाम में आगवानी, मानवाधिकार एवं सुरक्षा संगठन की जिलाध्यक्षा एवं मातृशक्ति संयोजिका संजुला पाण्डेय एवं छोटेलाल मोदनवाल प्रदेश महामंत्री मानवाधिकार सुरक्षा संगठन, प्रकाश चन्द्र केसरवानी, शालू केसरवानी, दिनेश मिश्र, वागीश दत्त द्विवेदी जी, उषा मोदनवाल, ने टीम में शामिल होकर यात्रा का स्वागत किया।

### गुमटी में पड़ा मिला युवक का शव

**चित्रकूट।** युवक की संदिग्ध परिस्थितियो मे चाय की गुमटी मे शव मिला है। मृतक के परिजनो ने गांव के ही सर्वेष यादव को जिम्मेदार ठहराया है। जानकारी के अनुसार भरतकूप थानाक्षेत्र के कोलौंहा गांव निवासी 36 वर्षीय किशोरीलाल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में चाय की गुमटी में मिला। परिजनों के अनुसार, बुधवार शाम करीब 4 बजे सर्वेश यादव किशोरीलाल को बाइक पर बैठाकर बघेलाबारी ले गया। शाम 6 बजे सर्वेश, किशोरीलाल को नशे की हालत में उनकी चाय की गुमटी पर छोड़कर चला गया। उस समय गुमटी पर किशोरीलाल की पत्नी मंजू थीं, जो रात 7 बजे घर चली गईं। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे किशोरीलाल का भाई ओमप्रकाश दुकान पर पहुंचा तो उसने शव देखा। किशोरीलाल के मुंह से खून निकल रहा था, जीभ बाहर निकली हुई थी और शरीर पर चोट के निशान थे। घटना की सूचना पर भरतकूप पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी गई है।

### सर्राफ की दुकान से लाखों की चोरी

**चित्रकूट।** मानिकपुर के सरैयां ग्राम स्थित विक्की ज्वेलर्स की दुकान में बीती रात चोरों ने दुकान के पीछे की दीवार तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान के अंदर रखे 10 ग्राम सोने और 500 ग्राम चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। चोरों ने दुकान में लगे सीसी कैमरे को भी बंद कर दिया, ताकि उनकी पहचान न हो सके। हालांकि, चोर दुकान की तिजोरी खोलने में सफल नहीं हो पाए, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।
दुकान मालिक विक्की सोनी निवासी राजापुर ने बताया कि वह प्रतिदिन अपनी दुकान बंद करके राजापुर चला जाते हैं। रात को दुकान बंद करने के बाद चोरों ने घटना को अंजाम दिया। विक्की ने सुबह घटना की जानकारी पुलिस चौकी को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और चोरी की छानबीन शुरू कर दी है। विक्की सोनी ने बताया कि इससे पहले 21 जुलाई 2022 को भी इसी दुकान में इसी तरह की चोरी हुई थी, लेकिन अब तक उस मामले का खुलासा नहीं हो पाया है।

### सर्किट हाउस का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी ने डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कांप्लेक्स निर्माण के लिये चिन्हित भूमि तथा देवांगना घाटी के पास निर्माणाधीन सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह ने बताया कि चयनित भूमि में लगभग 84 प्रतिशत भूमि का बैनामा कराया जा चुका है शेष भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही की जा रही है।
तत्पश्चात जिलाधिकारी देवांगन के पास निर्माणाधीन सर्किट हाउस का निरीक्षण किया जिसमें सर्किट हाउस में विद्युत वायरिंग, पेंटिंग, फिनिशिंग आदि का कार्य कराया जा रहा था उन्होंने कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग भवन खंड बांदा के अधिकारियों को निर्देश दिए की मुख्य गेट के सामने मिट्टी की भराई कराए तथा गार्ड रूम का भी निर्माण किया जाए बेड रूम में वॉलपेपर भी लगाया जाए फिनिशिंग का कार्य तेजी से कराए। बाहर सीसी रोड के निर्माण को भी देखा तथा उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए।

### देवर से परेशान महिला ने थाने में की शिकायत

**बांदा।** जसपुरा थाना क्षेत्र के नार्जिता गांव की रहने वाली पीड़ित महिला सोमवती पत्नी राजकिशोर ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि देवर जयकिशोर उसे घर से निकालने का प्रयास कर रहा है। विरोध करने पर शराब पीकर गाली-गलौज करता है और जानमाल की धमकी देता है। पीड़िता ने कहा कि थाना पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन पुलिस ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। पुलिसिया कार्रवाई न होने से देवर का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। वह आए दिन घर से बाहर निकालने की धमकी दे रहा है। घर का सामान भी तोड़फोड़ दिया है।

### मुख्यमंत्री से परिवार सहित मिले पंकज अग्रवाल

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने परिवार सहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। भेंट मे भगवान कामतानाथ की प्रतिमा भी सीएम को भेंट की। इस दौरान चेयरमैन ने मुख्यमंत्री से चित्रकूट आने का निमंत्रण दिया उन्हे जिले की समस्याओ से अवगत कराया। विकास कार्यो के विषय मे विचार विमर्ष भी किया। उन्होने बताया कि चित्रकूट पर्यटन का हब बन सकता है। बषर्ते आपका आर्षीवाद चित्रकूट को पहले भी मिला है और आगे भी मिलता रहेगा इसी आषय के साथ उन्होने मुख्यमंत्री से चित्रकूट आने का अनुरोध किया। कॉपरेटिव अध्यक्ष का बार-बार मुख्यमंत्री से मिलने उनके भारतीय जनता पार्टी मे विगत 35 सालो से दी गयी सेवाओ एवं ईमानदारी निष्ठा का परिणाम है। पंकज अग्रवाल ने हमेषा पार्टी हित मे कार्य किया है और आगे भी करते रहेंगे। इस दौरान उनके साथ उनके भतीजे अनमोल अग्रवाल व बेटी भी साथ रही।



### टीएसआई ने वाहनों का किया चालान

**चित्रकूट।** यातायात पुलिस द्वारा यातायात माह नवम्बर पर यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले अनियमित पाये गये 284 वाहनों से 4,76,200 रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया।
प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह ने यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ दो पहिया पर तीन सवारी, बिना हेलमेट वाहन चलाना, चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट नहीं लगाए जाने वाले वाहनों एवं अन्य नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों पर एमवी एक्ट की धाराओं 284 वाहनों से 4,76,200 रूपये शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने को प्रेरित किया।

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापनदाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़े। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# छह बाइकों के साथ दो चोर दबोचे

■ चित्रकूट

पुलिस ने चोरी की घटनाओ का खुलासा करते हुए दो चोरो को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह मोटरसाइकिल बरामद की है।

चौकी प्रभारी सीतापुर एवं चौकी शिवरामपुर की संयुक्त टीम नेचुन्नु कुशवाहा पुत्र चिरौंजी लाल निवासी पुराना बस स्टॉप सीतापुर, अनुज गौर उर्फ गौधा उर्फ जोधा पुत्र अरुण सिंह निवासी मरझा थाना पैलानी जनपद बांदा को लैना बाबा तिराहा से दबोचा है। बीते 19 नवंबर को दोपहर 03.30 बजे लैना बाबा तिराहा पर वाहन चेकिग के दौरान दो व्यक्ति अलग-अलग बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल से शिवरामपुर की तरफसे आ रहे थे जिनको रोककर गाड़ी के कागजात के बारे में पूछा तो बताने में असमर्थता प्रकट की बाद गहनता से पूंछताछ करने पर जिले मे हो रही चोरी की घटनाओ का पर्दाफाष हुआ। उपरोक्त ने बताया कियह गाड़ी शंख चौराहा सीतापुर से चोरी की थी व अनुज गौर उपरोक्त ने बताया कि मैने यह गाड़ी जिला अस्पताल सोनेपुर से चोरी की थी। इसके अलावा हम दोनों ने चार अन्य मोटरसाइकिल चोरी की है जिन्हे हम दोनों रामसैया के करीब सघन झाड़ियों में छिपाए है। गिरफ्तार करने वाली टीम मे चौकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता, चौकी प्रभारी षिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी, उनि मेवालाल मौर्या, आरक्षी अनुज यादव, अभिषेक प्रताप सिंह, रविन्द्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, विपिन कुमार रहे।



*बरामद बाइको के साथ चोर व पीछे खडी पुलिस टीम*

# महंत पर घर गिराने का आरोप, थाने में दिया प्रार्थना पत्र

■ चित्रकूट

प्रभारी निरीक्षक रैपुरा को लिखे पत्र मे शत्रुघन प्रसाद पुत्र बालगोविन्द सिंह निवासी लालापुर बगरेही ने महंत भरत दास पर घर से दरवाजा उखाडने व घर गिराने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है।

थानाध्यक्ष को सौंपे पत्र मे शत्रुघन ने बताया कि प्रार्थी गरीब और भूमिहीन था प्रधान ने तरस खाकर गांव सभा की जमीन पर उसे घर बनाने के लिये पट्टा कर दिया था। अब महंत भरत दास की उसके मकान मे बुरी नजर है वैसे तो वह पूरे गांव को परेषान किये हुए है लेकिन मुझ प्रार्थी का घर ढहाकर बेघर कर दिया है। उन्होने थानाध्यक्ष से कडी कार्रवाई की मांग की है।

### डीएपी की एक और रैक 24 को आएगी

**बांदा।** उप कृषि निदेशक विजय कुमार ने बताया कि डीएपी की एक और रैक 24 नवंबर को आना संभावित है। खाद की रैक आते ही रैक प्वाइंट से सीधे सहकारी समितियों को खाद भेजी जाएगी। डीएम ने रेलवे अधिकारियों से संपर्क करते हुए शीघ्र रैक उपलब्ध करवाने की बात कही है।

# मामूली विवाद में दबंगो ने दंपति समेत चार को पीटा

**बांदा।** दुकान से सामान न देने से नाराज दबंगो ने दंपति समेत चार लोगो को मारपीट कर लहूलूहान कर दिया। शोर गुल सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियो ने किसी तरह समझा कर मामले को शांत कराया। सभी घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। बदौसा थाना क्षेत्र के बरछा ब गांव निवासी 19 वर्षीय अंकित पुत्र हरिप्रसाद बुधवार की शाम पड़ोसी कल्लू गुप्ता की किराना स्टोर में बैठा था । तभी प्रमोद यादव साबुन लेने आया दुकान में बैठे अंकित से साबुन मांगने लगा। अंकित बोला वह दुकानदार नही है इतना कहने के बाद उसने साबुन देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर प्रमोद का अंकित से विवाद हो गया। पांच लोगो ने अंकित उसके 60 वर्षीय पिता हरिप्रसाद, 55 वर्षीय मां शांती, 16 वर्षीय बहन अंजली को मार पीट कर लहूलुहान कर दिया। शोर गुल सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियो ने किसी तरह समझा कर मामले को शांत कराया। शांती की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### एक्सईएन ने जल जीवन मिशन के बारे में लोगों को किया जागरूक

**चित्रकूट।** अधिशासी अभियंता आशीष कुमार भारतीय ने जानकारी देते हुए बताया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में निर्माणाधीन चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत सीडब्लूआर-2 गडौली के राइजिंग मेन पाइप लाइन इन्टरकनेक्शन कार्य मे नौ दिन का समय लगेगा। इस दौरान 22 नवंबर से 30 नवंबर तक गडौली से डाउन स्ट्रीम की तरफ सीडब्लूआर से कनेक्टेट ग्रामों में नियमित जलापूर्ति नहीं हो पायेगी। तदोपरान्त जलापूर्ति पुनः बहाल हो जायेगी।

# बाइक की टक्कर से युवक की मौत,तीन घायल

■ बांदा

काम निपटाने के बाद पैदल घर जा रहे दो मजदूरो को सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि दूसरा मजदूरी और बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। तीनो घायलो को जिला अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया।

कमासिन थाना क्षेत्र के पछौहा गांव निवासी 44 वर्षीय कैलाश चंद्र पुत्र छेदीलाल राजमिस्त्री का काम करता था। वह बुधवार की रात कमासिन से काम निपटाने के बाद अपने 18 वर्षीय साथी मजदूर रामदत्त पुत्र मुखिया के साथ पैदल गांव जा रहा था। तभी कमासिन और पछौहा गांव के बीच सामने से आ रहे बाइक सवार ने दोनो को टक्कर मार दिया। जिससे दोनो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद बाइक भी आनियंत्रित होकर गिर पड़ी। जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। वहां से गुजर रहे राहगीरो ने मामले की जानकारी पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को पीएचसी कमासिन में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद कैलाश को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। डॉक्टरो ने सभी घायलो को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर परिजन तीनो को कानपुर ले गए। मृतक के चचेरे भाई सर्वेश ने बताया कि वह कैलाशचंद्र राज मिस्त्री का काम करता था। वह अपने पीछे पांच पुत्री एक पुत्र छोड़ गया है। अचानक हुई इस घटना से पत्नी सुनैना का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

### पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का करें प्रचार-प्रसार

**बांदा।** मुख्य चिकित्साधिकारी एके श्रीवास्तव ने बताया कि परिवार कल्याण कार्यक्रमों में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने के लिए पुरुष नसबंदी पखवाड़ा पूरे जनपद और ब्लाक स्तर पर मनाया जाएगा। परिवार नियोजन की सेवा अधिक से अधिक लाभार्थियों को दी जाएगी। आशा और एएनएम द्वारा गुरुवार से 27 नवंबर तक प्रचार-प्रसार करते हुए पंजीकरण किए जाएंगे। इसके बाद 28 नवंबर से 4 दिसंबर तक सेवाएं दी जाएंगी।

### युवक ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा।** नरैनी कोतवाली क्षेत्र रिसौरा गांव निवासी 27 लवलेश पुत्र छेदीलाल ने गुरूवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसका उपचार किया जा रहा है।

# वायरल फीवर के बाद डेंगू का प्रकोप, तीन पॉजिटिव मिले

■ बांदा

डेंगू का प्रकोप बढ़ने लगा है। बुधवार को जिला अस्पताल की पैथालॉजी में जांच के दौरान एक बालिका समेत तीन लोगों को डेंगू से पीड़ित पाया गया। अब तक डेंगू पाजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा 30 पहुंच गया है। डेंगू पाजिटिव मरीजों में अब तक किसी की मौत नहीं हुई है।



इधर, नए डेंगू पाजिटिव मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया है। चिकित्सकों का कहना है कि बुखार की चपेट में आने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या फिर जिला अस्पताल में पहुंचकर उपचार कराएं। लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है।

मौसमी परिवर्तन से बीमारिया बढती जा रही है। वायरल फीवर सर्दी जुकाम के बाद डेगू भी पीछे नही हट रहा है। डेगू से पीड़ित तीन लोगो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौसम के करवट बदलने से सर्दी जुकाम बुखार,निमोनिया के मरीज बढने लगे है। बुखार से पीड़ित मरीजो संख्या लगातार बढ रही है। गुरूवार को जिला अस्पताल की पैथालॉजी में डेंगू के दस सैपल लिए गए। जिसमें तीन मरीजो की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसमें शहर के मर्दन नाका मोहल्ला निवासी 6 वर्षीय काजल पुत्री मनोज, खाईपार मोहल्ला निवासी 28 वर्षीय प्रदीप पुत्र राकिशोर, छोटी बाजार निवासी 23 वर्षीय नमन पुत्र अशोक को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# आरटीओ कार्यालय में बाहरी व्यक्ति निपटा रहा सरकारी काम, वीडियो वायरल

## आरटीओ ने जांच के आदेश दिए, एआरटीओ ने वरिष्ठ सहायक को पंजीयन पलट से हटाया

**बांदा।** आरटीओ कार्यालय में होने वाली तमाम तरह की कारगुजारियां लोगों से छिपी नहीं हैं। हद तो तब हो गई जब एक बाहरी व्यक्ति पंजीयन पटल पर कुर्सी में बैठकर सरकारी काम निपटाने लगा। इस मामले का वीडियो वायरल हो गया। आरटीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच करने के निर्देश दिए।

संभागीय परिवहन कार्यालय में कार्यालय बंद हो जाने के बांद पंजीयन पलट पर कुर्सी में बैठकर एक बाहरी व्यक्ति कंप्यूटर पर सरकारी काम निपटा जा रहा था। इसका वीडियो वायरल हुआ तो अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। आरटीओ सौरभ सिंह ने मामले की जांच किए जाने के निर्देश दिए। लोगों का कहना है कि आरटीओ कार्यालय में कमीशन का खेल चल रहा है। बाहरी व्यक्तियों से काम कराते हुए लोगों को परेशान करने का काम किया जा रहा है। मालुम हो कि पंजीयन पटल पर बाहरी व्यक्ति बैठकर काम कर रहा था, इस पर एआरटीओ शंकर सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पंजीयन पटल में तैनात वरिष्ठ सहायक देवानंद मौर्य को हटा दिया और उनकी जगह पर कनिष्ठ सहायक सत्यनारायण को तैनात किया गया है। एआरटीओ ने कहा कि एक बाहरी व्यक्ति संबंधित बाबू की कुर्सी पर बैठ गया था।

### अपर जिला जज ने मंडल कारागार की व्यवस्थाएं देखीं

**बांदा।** जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह ने गुरुवार को मंडल कारागार का निरीक्षण किया। वहां पर बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्या जानी। इसके साथ ही पाकशाला और कारागार अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। छह बंदियों के प्रार्थना पत्र प्राप्त किए गए, जिनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति की आख्या के लिए जिला प्रशासन को पत्र भेजा गया। अपर जिला जज ने बैरक संख्या 3, व 4-ए का निरीक्षण किया गया। वहां पर समस्त बन्दियों से उनके मुकदमों के सम्बंध में जानकारी ली गयी। सचिव ने सभी बन्दियों को अधिकार प्राप्त समिति-के सम्बंध में जानकारी दी गयी। उनके द्वारा बताया गया कि वह बन्दी जिनकी जमानत सक्षम न्यायालय द्वारा हो चुकी हैं किन्तु जमानत धनराशि अदा न कर पाने के कारण जेल में निरुद्ध हैं, उनकी आर्थिक व सामाजिक स्थिति के आधार पर आख्या रिहाई अनुशंसा के लिए अधिकार प्राप्त समिति के समक्ष प्रस्तुत की जायेगी।

# व्यापारियों ने नाबालिग के हत्या के खुलासे के लिए एसपी को सौपा ज्ञापन

■ चित्रकूट

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ने पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपकर गल्ला व्यापारी की नाबालिग पुत्री की हत्या व लूट मामले का खुलासा न हो पाने पर ज्ञापन सौंपा।

विगत दिनों कर्वी के गल्ला व्यापारी शिव नरेश के घर पर हुई लूट व नाबालिग पुत्री की निर्मम हत्या किये जाने पर राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा लूट व हत्या मामले में जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी कर कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने का मांग की। मासूम बच्ची की हत्या की घटना से गल्ला व्यापारी बहुत ही भयभीत व सदमें में है पीड़ित व्यापारी को सुरक्षा व मुख्यमंत्री राहतकोष से आर्थिक सहायता दी जाए तथा गल्ला व्यापारी शिव नरेश अग्रहरि को न्याय मिले चार दिन बीत जाने के बाद अभी तक घटना का खुलासा नहीं हुआ है जल्द ही खुलासा नहीं होता तो व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बन्द कर सडक में उतरने को बाध्य होंगे घटना का जल्द ही खुलासा हो। इस मौके पर विनोद प्रिंस केसरवानी, विनोद आर्य, सकुन्तला गुप्ता, रविराज अग्रहरि, संतोष गुप्ता, विष्णु केसरवानी, रीता मिश्रा, पूजा गुप्ता, सुनील जायसवाल, हरिशंकर गुप्ता, रूपेश निगम, अमित गुप्ता, काजू, पप्पू साहू, मीना श्रीवास्तव, मीना गुप्ता, शेशू जायसवाल, अनिल कुमार मौजूद रहे।

# राम-भरत संवाद सुनकर श्रोताओं के छलक पड़े आंसू

## रामलीला मैदान में श्रीराम कथा का सातवां दिन, अयोध्या से आए रामहृदय दास कर रहे कथा बखान

■ बांदा

रामलीला मैदान में आयोजित श्रीराम कथा के सातवें दिन गुरुवार को अयोध्या से आए कथावाचक रामहृदय दास महाराज ने राम और भरत संवाद का बखान किया। यह संवाद सुनकर श्रोताओं की आंखों से आंसू छलक आए। भरत ने अपने माता को कोसते हुए कहा माता भी कुमाता हो सकती है, यह सोंचा नहीं था।

कथावाचक रामहृदय दास महाराज जी के द्वारा अयोध्या से श्री राम के 14 वर्ष वनवास यात्रा के बारे में भरत के मामा घर से आने के बाद सीधे माता के कैकई और राम भैया को ढूंढते हुए उनके कक्ष में जाते हैं। उन्हें इसका आभास तक नहीं होने दिया कि उनके प्राण प्रिय भैया और भाभी 14 वर्ष के बनवास को अयोध्या से निकल गए। जानकारी होते ही वे रोते बिलखते और कैकई माता को कोसते हुए कहते हैं पुत्र कुपुत्र हो सकता है मगर माता कुमाता नहीं होती। इस बात को तुमने सिद्ध किया है माता कुमाता होती है। यह कलंक यह पाप मेरे सर पर लगा। लोग क्या कहेंगे। भरत ने अपने भाई को राजगद्दी के लिए बनवास करा दिया। तभी कौशल्या और सुमित्रा दोनों भरत को समझाती है कि पिताजी अब इस दुनिया में नहीं रहे। आओ उनका अंतिम संस्कार कर भैया को ढूंढने जाएंगे। राजा दशरथ की मृत्यु की खबर सुनकर भरत रोने लगते हैं। कर्म पूरा कर अयोध्या से अपनी तीनों मां के साथ अपने भाई को वापस लाने के लिए निकल पड़ते हैं। पीछे-पीछे प्रजा चल पड़े। निषाद राज से जानकारी लेकर भरत अपने माताओं के साथ चित्रकूट पर्वत पर जाते हैं। जहां लक्ष्मण जंगल से लकड़ियां चुन रहे थे। जैसे ही चक्रवर्ती सेना और भरत को आते देखा। आग बबूला होकर राम के पास आते हैं और कहते हैं कि भरत बड़ी सेना के साथ हमारी ओर बढ़ रहा है। तभी राम मुस्कुराते हुए कहते हैं ठहर जाओ। अनुज भरत को आने तो दो। भरत राम के चरणों में गिरकर क्षमा याचना करने लगते हैं। फिर राम गले से लगाते हैं। भरत मिलाप के बाद तीनों माताओं का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेते हैं और माता सीता भी अपनी तीनों सास के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेती हैं। उसके बाद भरत पिता के बारे में राम से कहते हैं कि अब हमारे बीच पिता श्री नहीं रहे यह शब्द सुनकर श्री राम और सीता लक्ष्मण व्याकुल हो शोकाकुल रहने के बाद राम को अपने साथ ले जाने के लिए भरत मिन्नतें करते हैं। मंत्री सुमंत और प्रजा गण बार-बार उन्हें अपने साथ जाने के लिए मनाते हैं। मगर श्री राम कहते हैं कि पिता के दिए हुए वचन का मर्यादा नहीं टूटे। इसके लिए हमें यहां रहने की अनुमति दें। रघुकुल रीति सदा चली आई प्राण जाए पर वचन न जाई। यह कहकर लेने आए सभी लोगों को चुप करा देते हैं मगर भरत मानने के लिए तैयार नहीं होते हैं। तब राम ने कहा प्रजा हित के लिए तुम्हें जाओ, अयोध्या के प्रजा जनों को देखना है। साथ में माताओं का भी दायित्व निर्वाह करना है। भरत ने श्रीराम के चरण पादुका को अपने सिर पर उठाकर आंखों में अश्रु के साथ वहां से विदा होते हैं। 14 वर्ष तक श्री राम के चरण पादुका को अयोध्या के राज सिंहासन पर रखकर खुद जमीन पर चटाई बिछाकर सन्यासी का जीवन व्यतीत करते हुए राजपाट संभालते हैं। कथा के दौरान बड़े ही उदास और व्याकुल मनसे श्रीराम सीताराम का भजन कीर्तन करते हुए महाआरती के साथ प्रसंग समाप्त किया गया। कथा को लेकर आसपास में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। कथा परीक्षित सत्यदेव त्रिपाठी पूर्व महासचिव और रजनी त्रिपाठी रहे। इसके अलावा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। विजय बहादुर परिहार ने बताया कि राम कथा दोपहर भंडारे का आयोजन किया जाएगा. इस मौके पर, , नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासु, रजत सेठ, अंकित बासु, अजित गुप्ता,दिलीप सिंह रिलायंस पेट्रोल पंप,श्याम सिंह, मनीष त्रिपाठी, अजीत गुप्ता, धीरेन्द्र सिंह, कल्याण सिंह, जगराम सिंह, प्रेम किशोर श्रीवास्तव, उमेश दया मनीष गुप्ता, संतोष गुप्ता, संत कुमार अनिल सिंह, सुरेश तिवारी ,बीके सिंह , शैलेन्द्र सिंह लाला भाई, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की उपस्थिति रही।



# ट्रैक पर उतरने को तैयार है गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन

### 7 स्टार होटल की सारी खूबियों से है लैस

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय रेलवे और भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की लग्जरी ट्रेनों में से एक गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन एक बार फिर ट्रैक पर उतरने को तैयार है। कर्नाटक की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाली यह ट्रेन इस बार 14 दिसंबर को रवाना होगी। ट्रेन में 13 डबल बेड केबिन, 26 ट्विन बेड केबिन और दिव्यांग मेहमानों के लिए एक केबिन है। 40 केबिन वाली इस शाही ट्रेन में 80 यात्री सफर कर सकते हैं। इस ट्रेन में यात्रियों को शाही फील देने के लिए ट्रेन के सभी आलीशान केबिन एयर कंडीशनर और वाई-फाई से लैस हैं। सभी केबिन में गद्देदार फर्नीचर, लग्जरियस बाथरूम,



आरामदायक बेड, शानदार टीवी, जिसमें कई ओटीटी के मजे लिए जा सकते हैं। ट्रेन में सैलून का भी खास इंतजाम है। गोल्डन चैरियट लग्जरी ट्रेन में देशी और विदेशी व्यंजनों का विशेष प्रबंध किया गया है, जिसके लिए रुचि और नालापक नाम के दो बेहतरीन रेस्तरां हैं। जहां शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह के व्यंजन इंटरनेशनल ब्रांडों के क्रॉकरी और कटलरी में परोसे जाएंगे। इसके साथ ही बार में बेहतरीन और ब्रांडेड वाइन, बीयर और मदिरा भी उपलब्ध होगी।

यात्रियों की सेहत और आरामदायक सफर के लिए इस गोल्डन चैरियट ट्रेन में आरोग्य स्पा भी हैं, जहां स्पा थेरेपी समेत कई स्पा का आनंद लिया जा सकता है। यही नहीं, सेहत का ख्याल रखने के लिए एक हाइटेक जिम भी है, जहां वर्कआउट के लिए बेहद आधुनिक एक्सरसाइज मशीनें हैं। मेहमानों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के लिए पूरी ट्रेन सीसीटीवी कैमरे और फायर अलार्म सिस्टम से लैस है। पूरी ट्रेन किसी 7 स्टार होटल से कम नहीं है। लग्जरी ट्रेन 5 रातें और 6 दिन गुजारने के लिए आपको 4,00,530 और 5 प्रतिशत जीएसटी देना होगा। इसमें रहना, खाना, शराब, प्रवेश टिकट, गाइड आदि शामिल है।

**2024-25 के लिए रूट**

- कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन) - बेंगलुरु से शुरू होकर बांदीपुर, मैसूर, हलेबिदु, चिकमंगलूर, हम्पी, गोवा और वापस बेंगलुरु।
- दक्षिण के रत्न (5 रातें/6 दिन) - बेंगलुरु से शुरू होकर मैसूर, कांचीपुरम, महाबलीपुरम, तंजावुर, चेट्टीनाड, कोचीन, चेरतला और वापस बेंगलुरु।
- 14 दिसंबर, 2024- कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन)
- 21 दिसंबर, 2024-दक्षिण के रत्न (5 रातें/6 दिन)
- 4 जनवरी, 2025-कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन)
- 1 फरवरी, 2025 -कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन)
- 15 फरवरी, 2025-दक्षिण के रत्न (5 रातें/6 दिन)
- 1 मार्च, 2025-कर्नाटक का गौरव (5 रातें/6 दिन)

# केजरी ने सबूत नहीं छोड़ा लेकिन यहां चूक गए

ईडी और सीबीआई की कोशिश है कि दिसंबर नहीं, तो जनवरी में ट्रायल शुरू हो जाए। ट्रायल को रोकने के लिए केजरीवाल ने नया फच्चर फंसा दिया है।




अजय सेतिया की कलम से

एक तो केजरीवाल को महाराष्ट्र और झारखंड के एग्जिट पोल से धक्का लगा है। दूसरे जैसे जैसे दिल्ली के चुनाव नजदीक आ रहे हैं, केजरीवाल अपने ही बुने जाल में फंसते जा रहे हैं। वह कोशिश कर रहे हैं कि चुनावों तक उनका ट्रायल शुरू न हो। क्योंकि ट्रायल शुरू होगा, तो सुनवाई में गवाह पेश होंगे, दलीलें पेश होंगी। अखबारों टीवी चेनलों में उसकी खबरें छपेंगी। और सुनवाई महीना भर जारी रह सकती है। जिससे उनकी ज्यादा फजीहत होगी। उधर ईडी और सीबीआई की कोशिश है कि दिसंबर नहीं, तो जनवरी में ट्रायल शुरू हो जाए। ट्रायल को रोकने के लिए केजरीवाल ने नया फच्चर फंसा दिया है। वह हाई कोर्ट चले गए कि जब उन पर आरोप लगे थे, तब वह मुख्यमंत्री थे, इसलिए सातवीं चार्जशीट पर बिना सरकारी इजाजत के संज्ञान नहीं लिया जा सकता। केजरीवाल बस यहीं मात खा गए। सोलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट में कहा कि इजाजत ली जा चुकी है। तो केजरीवाल का ट्रायल पर तुरंत स्टे लगाने का फार्मूला फेल हो गया। तुषार मेहता ने हल्फिया बयान दाखिल करने के लिए समय मांग लिया, और कोर्ट ने अगली सुनवाई 20 दिसंबर तक टाल दी। केजरीवाल के वकील मुंह ताकते रह गए। अब ट्रायल कोर्ट पर कोई बंदिश नहीं है, वह चाहे तो सुनवाई शुरू कर सकती है। केजरीवाल की रणनीति को बहुत बड़ा झटका लगा है, उन्हें पता ही नहीं था कि ईडी ने उपराज्यपाल से इजाजत लेकर अदालत में दाखिल कर दी थी। अदालत कभी इस तरह की गलती नहीं करती। उधर केजरीवाल के शीश महल से रिश्वत का बड़ा खजाना मिल गया है। अब तक तो वह ताल ठोक कर कहते थे कि उनके पास से एक चवन्नी नहीं मिली। सिसोदिया और संजय सिंह से भी कुछ नहीं मिला। हालांकि गोवा और पंजाब के चुनावों में रिश्वत का पैसा खर्च होने के सबूत हैं। लेकिन केजरीवाल ने सोचा नहीं था कि दिल्ली सरकार पीडब्ल्यू विभाग शीश महल से ही रिश्वत के सबूत निकाल लेगा। असल में इसी लिए वह पीडब्ल्यूडी को शीश महल की चाबी देकर नहीं गए थे। उन्होंने चाबी सीधे आतिशी मार्लेना को दे दी थी। लेकिन पीडब्ल्यूडी ने चाबी मांग कर केजरीवाल और आतिशी दोनों की हवा निकाल दी थी। आपको याद होगा कि संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज और आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता न्यूज चेनलों और प्रेस कांफ्रेंसों में चिल्ला रहे थे कि एलजी आतिशी मार्लेना को मुख्यमंत्री आवास अलाट नहीं कर रहे। हालांकि पीडब्ल्यूडी ने सफाई दी थी कि वह मुख्यमंत्री आवास नहीं है। वह दिल्ली सरकार को अलाट बाकी कोठियों में से ही एक कोठी है। आखिर आतिशी मार्लेना को वह चाबी पीडब्ल्यूडी को देनी पड़ी। केजरीवाल बेफिक्र थे कि चुनाव तक आतिशी मार्लेना आवास में रहेगी, तो कोई बात बाहर नहीं निकलेगी, और उसके बाद तो वह दुबारा मुख्यमंत्री बन ही जाएंगे, और 40 साल तक मुख्यमंत्री रहेंगे। लेकिन केजरीवाल पीडब्ल्यूडी के नियम भूल गए। आतिशी मार्लेना को चाबी पीडब्ल्यूडी को देनी पड़ी और चाबी मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने सामान की लिस्ट बना कर कोठी आतिशी मार्लेना को अलाट कर दी थी। कुछ कुछ खबरें बाहर आई थीं कि क्या क्या महंगा सामान लगा हुआ है। जो खबरें छप रही थीं, उनकी पुष्टि भी हो रही थी। जैसे साढ़े पांच करोड़ के अस्सी पर्दे लगे हैं, 15 करोड़ की सिनेटरी फीटिंग की गई थी। इसके अलावा किचन और बाथरूम में करोड़ों रूपए का सामान था। वह सारी लिस्ट तब छपी भी थी। लेकिन अब जो खुलासा हुआ है, वह चौंका देने वाला है। पीडब्ल्यूडी ने 14 नवंबर को एक चिठ्ठी लिखी है कि शीशमहल में ऐसा ऐसा करोड़ों रूपए की कीमत का सामान मिला है, जो पीडब्ल्यूडी ने प्रोवाईड नहीं किया था। यह भी एक लंबी लिस्ट है। अब प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आरोप लगाया है कि शीशमहल में आया यह करोड़ों का सामान रिश्वतखोरी का सबूत है। क्योंकि उसे पीडब्ल्यूडी ने नहीं लगवाया तो फिर यह कहां से आया। केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को बताना पड़ेगा कि यह पैसा किस की जेब से लगा, क्या यह शराब घोटाले की रिश्वत से खरीदा गया या अस्पतालों की दवाईयों की खरीद का घोटाले का पैसा है, दिल्ली से हुई काली कमाई का पैसा है, या पंजाब से हुई काली कमाई का पैसा है। लेकिन आम आदमी पार्टी इन आरोपों से तिलमिला गई है। पार्टी के नेता आरोपों को झूठा बता रहे हैं, लेकिन आरोपों को झूठा बता कर बात नहीं बनेगी। जब पीडब्ल्यूडी के बिलों से सामान मैच नहीं हो रहा, तो बताना पड़ेगा कि किस ने गिफ्ट किया या केजरीवाल ने खुद अपनी जेब से खर्च किया है। भाजपा ने मोर्चा खोल दिया है। गुरूवार को भाजपा ने उस सांसद के घर पर बहुत बड़ा प्रदर्शन किया, जिसमें अब केजरीवाल अवैध रूप से रहते हैं। इस प्रदर्शन में कैलाश गहलोत भी शामिल थे, जो चार दिन पहले तक आतिशी सरकार में मंत्री थे। उन्होंने खुलासा किया कि उनके इस्तीफा देने की एक बड़ी वजय शीशमहल है, वह खुद को कट्टर ईमानदार बताते हैं, लेकिन उनके इस घोटाले से जनता सब समझ रही है।

## देश समाचार

### राष्ट्रपति मुर्मु दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं तेलंगाना

**हैदराबाद।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार शाम अपने दो दिवसीय के दौरे पर तेलंगाना के बेगमपेट एयरपोर्ट पहुंचीं। राज्यपाल जिष्णुदेव वर्मा, सीएम रेवंत रेड्डी और डिप्टी सीएम भट्टी ने एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति का भव्य स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी और बंडी संजय, मंत्री सीथक्का, राज्य के मुख्य सचिव शांतिकुमारी और मेयर गाडवाला विजयालक्ष्मी ने भी पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मु विशेष वाहन से राजभवन के लिए रवाना हो गयीं।

### बंग्लादेश के बौद्ध अनुयायियों ने मांगी तीर्थयात्रा वीजा सुविधा

**कुशीनगर।** तख्तापलट के पूर्व भारत आने के लिए टूरिस्ट वीजा प्राप्त किए बंग्लादेश के बौद्ध तीर्थ यात्रियों ने भारत सरकार से टूरिस्ट वीजा जारी करने की मांग की है। तीर्थयात्रियों ने गुरुवार को कुशीनगर में महापरिनिर्वाण मंदिर में दर्शन पूजन किया और शोभा यात्रा निकाली। प्रतिमा पर चीवर चढ़ाकर विश्व शांति व बांग्लादेश और भारत के मध्य मैत्रीपूर्ण सम्बंधों की मजबूती के लिए विशेष प्रार्थना किया।

### उप्र के अलीगढ़ में सड़क हादसा, पांच की मौत

**अलीगढ़।** उत्तर प्रदेश में अलीगढ़ जनपद के टप्पल थाना क्षेत्र में बुधवार देररात यमुना एक्सप्रेस—वे पर ट्रक और डबल डेकर बस की टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोगों की मृत्यु हो गई और 15 लोग घायल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचकर अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा निर्देश दिए। पुलिस के मुताबिक, प्रतापगढ़ के कृष्णा ट्रैवेल्स की डबल डेकर बस दिल्ली से आजमगढ़ जा रही थी। बस टप्पल थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस—वे पर ट्रक बस से टकरा गई।

### पटना के आश्रय गृह में 13 महिलाएं बीमार

**नईदिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है कि 7 से 11 नवंबर के बीच बिहार के पटना के पटेल नगर इलाके में मानसिक रूप से बीमार और निराश्रित महिलाओं के आश्रय गृह में रहने वाली 13 महिलाएं बीमार पड़ गईं और तीन की संदिग्ध खाद्य विषाक्तता के कारण मृत्यु हो गई। रिपोर्ट के अनुसार रात का खाना खाने के बाद इन महिलाओं ने उल्टी और दस्त की शिकायत की।

### विपक्षी सांसदों ने की जेपीसी का कार्यकाल बढ़ाने की मांग

# शीत सत्र में वक्फ समेत 15 बिल लाने की तैयारी

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र में वक्फ संशोधन समेत 15 विधेयक लाने की तैयारी की है। वहीं वक्फ विधेयक को लेकर विपक्षी सांसदों ने संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की। हालांकि संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि समिति की रिपोर्ट तैयार है और इस पर सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। सरकार ने इस सत्र की कार्यसूची में 15 विधेयक सूचीबद्ध कराए हैं। इसमें से पांच नए विधेयक नए हैं। इसके अलावा 10 विधेयक लंबित हैं। जिनमें वक्फ कानून संशोधन विधेयक शामिल है। समिति की रिपोर्ट लोकसभा में पेश होने के बाद वक्फ संशोधन विधेयक को पास कराया जाएगा। समिति के अध्यक्ष ने शीत सत्र के पहले सप्ताह के आखिरी दिन अपनी रिपोर्ट पेश करने की बात कही है। इसके अलावा सरकार इस सत्र में सहकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना विधेयक भी लाएगी। वहीं सरकार पंजाब कोर्ट (संशोधन) बिल भी पेश करेगी। इसके तहत दिल्ली की जिला अदालतों में अपीलीय वित्तीय केसों के लिए निर्धारित सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की जानी है। एक और मर्चेंट शिपिंग बिल के जरिये केंद्र सरकार उन समुद्री समझौतों के अनुपालन को अनिवार्य बनाएगी भारत एक पक्ष के रूप में शामिल है। शीत सत्र में कोस्टल शिपिंग बिल और इंडियन पोर्ट बिल को भी पारित कराने की तैयारी है। नए सत्र में सूचीबद्ध किए गए 15 विधेयकों में 8 लोकसभा और दो राज्यसभा में लंबित हैं।

### जगदंबिका पाल बोले: वक्फ संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति की रिपोर्ट तैयार

वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि रिपोर्ट तैयार है और इस पर सभी सदस्यों के बीच सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं समिति में शामिल विपक्षी सांसदों ने समिति का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कानून में बदलावों का अध्ययन करने के लिए और समय चाहिए। समिति ने बृहस्पतिवार को करीब छह घंटे तक बैठक की। समिति की बैठक में अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के सदस्य जगदंबिका पाल ने कहा कि समिति की यह आखिरी बैठक है और एक मसौदा रिपोर्ट जल्द ही सदस्यों को वितरित की जाएगी। इसके बाद विपक्षी सदस्यों ने विरोध जताया और नारेबाजी की। कुछ सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को फोन किया और मामले में उनसे हस्तक्षेप की मांग की। बैठक के बाद पाल ने कहा समिति ने सभी संबंधित पक्षों के साथ विस्तृत बैठक कर चर्चा की। उनका कहना था कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ भी पांच दिनों में 29 घंटे से ज्यादा समय तक चर्चा की गई। जगदंबिका पाल ने कहा कि संशोधन विधेयक को लेकर अलग-अलग संगठनों के साथ 25 बैठकें की गईं। कार्यकाल बढ़ाने को लेकर लोकसभा अध्यक्ष का फैसला मान्य होगा।

# झारखंड में आयेगा आश्चर्यजनक परिणाम, बनेगी एनडीए की सरकार



### झारखंड की मीठी यादें साथ लेकर जा रहा हूं : शिवराज सिंह चौहान

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री एवं झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कार्यकर्ताओं से प्रदेश कार्यालय में मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश में एनडीए की सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड से मैं बहुत सी मीठी स्मृतियां लेकर जा रहा हूं। ये अद्भुत प्रदेश के साथ संसाधनों से भरपूर है। यहां की भूमि ऊपजाऊ है। यहां के लोग काफी मेहनतकश हैं। यहां की भली और भोली जनता अद्भुत स्नेह और प्यार देती है। इस प्रदेश से मैं व्यक्तिगत रूप से जुड़ गया हूं। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि संसाधनों से भरपूर यहां खनिज संपदा, वन संपदा, जल संपदा, यहां के परिश्रमी लोग, उपजाऊ भूमि, इतना कुछ है कि झारखंड सचमुच में विकास और प्रगति के नए आयाम छू सकता है। मुझे विश्वास है कि झारखंड में अब बीजेपी-एनडीए की सरकार बनेगी और संसाधनों का बेहतर उपयोग करके एक समृद्ध, विकसित, सशक्त और घुसपैठिया मुक्त राज्य झारखंड बनेगा। मैं झारखंड की जनता, यहां के कार्यकर्ताओं का आभारी हूं उनका अद्भूत स्नेह और प्यार मिला है। उन्होंने कहा कि मन में ये ही भाव है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और मार्गदर्शन में झारखंड बढ़े और प्रगति करे। ये अमीर धरती है, यहां से गरीबी को पूरी तरह से खत्म किया जा सकता है।

# ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, एक जवान भी घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर मलकानगिरी जिले के एमवी-79 थानाक्षेत्र के जिनेलगुडा के पास सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ गुरुवार की सुबह हुई। इस गोलीबारी में एक नक्सली मारा गया जबकि जिला स्वैच्छिक बल का एक कमांडो घायल हुआ है। घायल जवान को मलकानगिरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। ओडिशा पुलिस के महानिदेशक वाई.बी. खुरानिया ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि यह मुठभेड़ क्षेत्र में चल रहे एक सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई। घटनास्थल से एक शव बरामद किया गया। साथी एक 3नाट3 राइफल, एक कंट्री-मेड राइफल, 26 विभिन्न प्रकार के बैग और अन्य सामग्री भी मिली है। ऑपरेशन अब भी जारी है। मारे गए नक्सली की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है। अधिकारी शिनाख्तगी में लगे हैं। डीजीपी खुरानिया ने यह भी बताया कि ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश की सीमाओं पर राज्य के पुलिस बलों तथा केन्द्रीय एजेंसियों के बीच लगातार खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान हो रहा है। ये अभियान उन क्षेत्रों पर केंद्रित हैं जहां नक्सलियों के घुसने की आशंका है। बताया गया कि आज राज्यभर में तीन स्थानों पर ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं और मलकानगिरी में हुई मुठभेड़ को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। वहीं, जब डीजीपी से नक्सलियों की संख्या के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि ऑपरेशन अभी जारी है और पूरी जानकारी ऑपरेशन टीम के लौटने के बाद दी जाएगी।

# राष्ट्र की एकात्मकता का दर्शन कराता हैं अभाविप का यह राष्ट्रीय अधिवेशन : चंपत राय



एजेंसी, गोरखपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन में गुरूवार को राष्ट्रसंत महंत अवैद्यनाथ के नाम पर भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय एवं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने किया। इस अवसर पर चंपत राय ने कहा कि अभाविप का यह राष्ट्रीय अधिवेशन राष्ट्र की एकात्मकता का दर्शन कराता है। जहां संपूर्ण विश्व मात्र अपने अधिकारों की ही चर्चा करते हुए संघर्ष कर रहा है, वहां विद्यार्थी परिषद देश के विभिन्न शिक्षण परिसरों में युवाओं के बीच कर्तव्यभाव जागरण का कार्य करती है। भारत के युवाओं ने देश को महत्वपूर्ण दिशा दी है। स्वामी विवेकानंद, देवी अहिल्याबाई होलकर, दीनदयाल उपाध्याय ने युवावस्था में समाज जागरण का जो कार्य किया है वह अनुकरणीय है। चंपत राय ने कहा महर्षि अवैद्यनाथ के साथ मुझे कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, राष्ट्र एकात्मकता को लेकर उनके चिंतन में मुझे बहुत प्रभावित किया है। आज यह दूसरा मौका है जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में मुझे सम्मिलित होने का मौका मिला है और यह मेरे लिए हर्ष का विषय है। इस प्रदर्शनी में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन एवं राम मंदिर आंदोलन में राष्ट्रसंत महंत अवैद्यनाथ का योगदान तथा भारतीय शिक्षा पद्धति के पुनरुथान हेतु उनके द्वारा गोरखपुर में वर्ष 1932 में स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के बहुमूल्य योगदान को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। इसी के साथ प्रदर्शनी में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से सम्बंधित अभिलेखागार जिसमें भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों की विजय गाथा तथा लोकमाता अहिल्याबाई द्वारा स्थापित की गई आदर्श सुशासन व्यवस्था को जीवंत रूप में दर्शाया गया है।

# मातृभाषा सीखने के बाद अंग्रेजी सीखनी चाहिए : वेंकैया नायडू

एजेंसी, हैदराबाद

पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने कहा कि मातृभाषा सीखने के बाद अंग्रेजी सीखनी चाहिए। उन्होंने हैदराबाद के शिल्पराम में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के हिस्से के रूप में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री जुपल्ली कृष्णा राव ने शामिल रहे। लोकमंथन अंतरराष्ट्रीय कला प्रदर्शनी का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल उद्घाटन करेंगी। इस दौरान वेंकैया नायडू ने कहा कि भाग्यनगर में लोकमंथन कार्यक्रम के आयोजन को देखकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि हम अपनी जड़ों की ओर वापस जाना चाहते हैं। हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी कला, संस्कृति और वाद्ययंत्रों की रक्षा करनी चाहिए। पूर्व उपराष्ट्रपति नायडू ने कहा कि इस कार्यक्रम का मूल विचार भारतीयों के दिमाग से उपनिवेशवाद को खत्म करना और भारतीय बौद्धिक विमर्श, संस्कृति, विरासत, संगीत और नृत्य के प्रति गर्व और प्रतिबद्धता की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा, यही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। कार्यक्रम के पीछे एक महान विचार है।

**प्रदर्शित** — आगंतुकों को मोहित कर रहे होलोग्राम आधारित विकास के चार मिशन

# 43वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मप्र मंडप बना आकर्षण का केंद्र

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चल रहे 43वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्य प्रदेश मंडप आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मंडप में मेले की थीम 'विकसित भारत@2047' के अनुरूप प्राचीन सांस्कृतिक एवं कलात्मक धरोहर के साथ तेजी से विकसित होते मध्यप्रदेश के स्वरूप को प्रदर्शित किया गया है। मंडप में प्रदेश के विकास और समृद्धि के डिजिटल निरूपण के साथ ही प्रदेश के पर्यटन गंतव्य, जनजातीय एवं लोक-कला तथा स्थापत्य कला को मनमोहक तरीके से प्रदर्शित किया गया है। जनसम्पर्क अधिकारी जकिया रूही ने गुरुवार को बताया कि मप्र मंडप में प्रवेश करते ही होलोग्राम आधारित विकास के चार स्तंभ दर्शाए गए हैं। अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए कांच के स्तंभों के भीतर होलोग्राम के माध्यम से युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब




कल्याण और किसान कल्याण मिशन प्रदर्शित किए गए हैं। ये चार स्तंभ आगंतुकों, विशेषकर युवाओं और बच्चों को काफी आकर्षित कर रहे हैं। डिजिटल इन्फोपैनल्स के माध्यम से प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही रीजनल इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और उद्योग वर्ष की परिकल्पनाओं को प्रमुखता से दर्शाया गया है।

**विरासत और विकास के दर्शन**

मंडप के प्रवेश द्वार पर सांची स्तूप, ग्वालियर किला, खजुराहो की मूर्तिकला, चंदेरी द्वार और अमरकंटक कुंड दर्शाए गए हैं। मंडप की बाहरी हिस्से में प्रदेश की चार प्रमुख जनजातियां- गोंड, भील, सहारिया और बैगा के रहन-सहन और वेशभूषा की विस्तृत जानकारी दी गई है। मंडप के दूसरी ओर ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर पावर पार्क, गांधी सागर डैम और रीवा अल्ट्रा-मेगा सौर ऊर्जा संयंत्र जैसी परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। मंडप के भीतरी हिस्से में ऊपर की ओर प्रदेश के प्रमुख गंतव्य स्थलों के पैनल्स लगाए गए हैं।

**जीआई प्रदर्शनी :** मंडप में प्रदेश के भौगोलिक संकेतक उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। प्रदर्शनी में चंदेरी साड़ी, वारासिवनी साड़ी, महेश्वरी साड़ी, बेलमैटल शिल्प, लौह-अयस्क शिल्प, जबलपुर पत्थर शिल्प, गोंड पेंटिंग्स, बाग प्रिंट्स, शरबती गेहूं, रतलाम सेंव, रियावन लहसुन, मुरैना गजक, उज्जैन बटिक प्रिंट, इंदौर के चमड़े के खिलौने, कड़कनाथ चिकन, सुंदरजा आम, चिन्नौर चावल और ग्वालियर के गलीचों को दिखाया गया है।

# सीमाओं पर जवानों के साथ तैनात हो सकेंगे रोबोटिक डॉग



एजेंसी, जैसलमेर

देश की सीमाओं पर जवानों के साथ अब रोबोटिक मल्टी-यूटिलिटी लेग्ड इक्विपमेंट यानी रोबोटिक डॉग भी तैनात होंगे। जैसलमेर के पोकरण फायरिंग रेंज में रोबोटिक डॉग ने भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन के साथ 14 से 21 नवंबर तक अभ्यास किया। सेना ने इस डॉग के साथ दुश्मन को खोजने और उसे खत्म करने का अभ्यास किया है। हाल ही में भारतीय सेना ने बॉर्डर से लगे इलाकों में (विशेषकर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में) उपयोग के लिए 100 रोबोटिक डॉग को शामिल किया है। सैन्य सूत्रों ने बताया कि सेना का अभ्यास गुरुवार को समाप्त हुआ। भारतीय सेना की बैटल एक्स डिवीजन की एक इकाई के 50 से भी ज्यादा सैनिकों ने इसमें हिस्सा लिया। इस अभ्यास में करीब 10 रोबोटिक डॉग्स को शामिल किया गया था। इस दौरान रोबोटिक डॉग ने दुश्मन को खोजने, हथियार ले जाने, कैमरे से दुश्मन का ठिकाना बताने सहित विषम परिस्थितियों में सैनिकों की मदद करने का ट्रायल दिया। ये रोबोटिक डॉग किसी भी ऊंचे पहाड़ से लेकर पानी की गहराई तक जाकर काम करने में सक्षम हैं। इन्हें 10 किलोमीटर दूर बैठकर भी ऑपरेट किया जा सकता है। एक घंटे चार्ज करने के बाद ये लगातार 10 घंटे तक काम कर सकते हैं।

इसके अलावा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सहायता और परिवहन में सुधार के लिए लॉजिस्टिक्स ड्रोन का परीक्षण किया जा रहा है। रोबोटिक डॉग्स थर्मल कैमरों और रडार से लैस हैं। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी डिजाइन है। यह बर्फ, रेगिस्तान, ऊबड़-खाबड़ जमीन, ऊंची सीढ़ियों यहां तक कि पहाड़ी इलाकों में हर बाधा को पार करने में सक्षम बनाता है। रोबोटिक डॉग जवानों को किसी भी नुकसान से बचाते हुए दुश्मन के ठिकानों पर गोलीबारी करने में भी सक्षम है।


संपादकीय

# गिरफ्त में अडानी

**क्या यह हैरत और कमाल की बात नहीं है कि झूठ बोलने और रिश्वत देने के मामले में अमेरिका में तो कार्रवाई हो रही है, लेकिन नरेंद्र मोदी के रहते अडानी सेफ हैं।**

**भारत** के सबसे धनी व्यक्तियों में से एक, अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी पर अमेरिका में भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। अमेरिकी न्याय विभाग ने बुधवार, 20 नवंबर को अडानी और सात अन्य लोगों के खिलाफ आरोप तय किए। इनमें उनके भतीजे सागर अदाणी का नाम भी शामिल है। इन सभी पर भारत में सोलर एनर्जी परियोजनाओं के ठेके हासिल करने के लिए 26.5 करोड़ डॉलर (लगभग 2,200 करोड़ रुपये) की घूस देने का आरोप है। अभियोजकों का कहना है कि अडानी ग्रुप ने 12 गीगावॉट सोलर एनर्जी के कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए सरकारी अधिकारियों को घूस दी। इन प्रोजेक्ट्स से अगले 20 साल में 2 अरब डॉलर यानी लगभग 16,000 करोड़ रुपये का मुनाफा होने की उम्मीद थी। अधिकारियों ने बताया कि इन सातों आरोपियों ने भारत में सबसे बड़ा सोलर पावर प्लांट लगाने की एवज में सरकारी अधिकारियों और नेताओं को 20 साल में लगभग 2,200 करोड़ रुपये देने का वादा किया था। आसान शब्दों में पूरी क्रोनोलॉजी समझें। अदाणी अमेरिका गए, वहां शेयर मार्केट में लिस्ट कंपनी अज़ूरे पॉवर से सांठगांठ की, योजना बनी कि भारत सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट बनाए जाएं, उसके नाम पर अमेरिका के लोगों को बड़े-बड़े सपने दिखाए गए, उनसे 25 हजारा करोड़ उठाए, लेकिन भारत में सोलर एनर्जी कॉन्ट्रेक्ट पाने में दिक्कत आने लगी क्योंकि बिजली महंगी थी और कोई भी सरकार लेने को तैयार नहीं थी, जो पैसे अमेरिका में लोगों से बटोरे थे, उन्हीं में से भारत में करीब 2200 करोड़ रुपये की रिश्वत बांटी, जब इस मामले में सुनवाई हुई और वहां एफबीआई और मार्केट रेग्युलेटर एसईसी ने जांच की तो भारत में रिश्वत और अमेरिकी इंवेस्टर्स से धोखाधड़ी का मामला सामने आया, अमेरिका ने डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस की ग्रैंड ज्यूरी ने अडानी के खिलाफ आरोप लगाते हुए वारंट जारी किया, दो साल की जांच से सामने आया कि अडानी ने भारत के रेग्युलेटर सेबी से भी झूठ बोला था, क्या यह हैरत और कमाल की बात नहीं है कि झूठ बोलने और रिश्वत देने के मामले में अमेरिका में तो कार्रवाई हो रही है, लेकिन नरेंद्र मोदी के रहते अडानी सेफ हैं। रिश्वत के पर्दाफाश का पहला नतीजा यह निकला है कि कीनिया ने अडानी ग्रुप के साथ हुए सभी डील रद्द कर दी हैं। गौतम अडानी के मामले से विदेशों में भारत की छवि कैसी बनेगी? क्या दुनिया भर में यह संदेश नहीं जाएगा कि भारत के प्रधानमंत्री गौतम अडानी के संरक्षक बने हुए हैं?

# एटमी जंग का गहराता संकट



शाहीन सबा

**हालात ये हैं कि आज समूची दुनिया कभी न खत्म होने वाली परमाणु परीक्षणों की घुड़दौड़ में शामिल हो गयी है। परमाणु अस्त्रों के उत्पादन को सीमित करने तथा उनके प्रयोग एवं उनके परीक्षण पर रोक लगाने के संबंध में संसार की दो महाशक्तियों के बीच 1967 की परमाणु अप्रसार संधि 5 मार्च 1970 से प्रभावी हो गयी। लेकिन आज इस संधि का कोई मूल्य-महत्व नहीं है।**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा यूक्रेन को रूस के भीतर अमेरिकी मिसाइलों के इस्तेमाल की मंजूरी दिए जाने के बाद एटमी जंग का संकट गहरा गया है। प्रतिकार स्वरूप रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने भी नई परमाणु नीति को मंजूरी दे दी है। उन्होंने ऐलान कर दिया है कि किसी भी परमाणु शक्ति वाले देश के समर्थन से कोई रूस पर हमला करता है तो इसे उनके देश पर संयुक्त रुप से हमला माना जाएगा। ऐसी स्थिति में रूस एटम बम का इस्तेमाल कर सकता है। दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह कि अमेरिकी मंजूरी मिलने के बाद यूक्रेन की सेना रूस के भीतर तकरीबन आधा दर्जन एटीएसीएमएस मिसाइलों से प्रहार तेज कर दी है। बदले में रूस भी आक्रामक है। नतीजतन नाटो देशों में घबराहट बढ़ गई है और वे अपने नागरिकों को भयावह जंग के लिए तैयार होने की सलाह दे रहे हैं। अगर रूस और नाटो देश आपसी समझदारी का परिचय नहीं देते हैं तो एटमी जंग के हालात पैदा हो सकते हैं।

सच कहें तो हालात वैसे ही हैं जैसे शीतयुद्ध से पहले सोवियत संघ द्वारा याल्टा समझौते की अवहेलना, बाल्कन समझौते का अतिक्रमण, टर्की पर दबाव, यूनान में हस्तक्षेप, बर्लिन की नाकेबंदी और ईरान से सोवियत सेना के न हटने से पैदा हुई थी। अंतर सिर्फ इतना है कि शीतयुद्धकालीन विश्व व्यवस्था के निर्धारक तत्व सैनिक कारक थे और आज भूमण्डलीकरण के दौर में उसका स्थान आर्थिक कारक ने ले लिया है। सैन्य युद्ध का जगह व्यापार युद्ध ने ले लिया है और हथियारों की जगह मुद्राएं टकरा रही हैं। शक्ति का केंद्र बिंदू सैन्य ताकत नहीं बल्कि आर्थिक ताकत बन चुका है। नाटो, वारसा पैक्ट, सीटो, सेंटो की प्रासंगिकता खत्म हो चुकी है और उसका स्थान गैट, आसियान, साफ्टा, नाफ्टा और बिमटेस्क ने ले लिया है।



अब मौजू सवाल यह है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रणनीति क्या होगी? क्या वे जो बाइडन की नीति बदलेंगे या उसी पर आगे बढ़ेंगे? अभी दो वर्ष पूर्व संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनिया गुटेरस ने चिंता जताते हुए कहा था कि मानवता परमाणु विनाश से महज एक कदम की दूरी पर है। तब उनके सुर में सुर मिलाते हुए अंतर्राष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने भी कहा कि कि यूक्रेन संकट इतना गंभीर है कि परमाणु संघर्ष का खतरा बढ़ गया है। परमाणु युद्ध हुआ तो दुनिया की सामान्य मृत्यु दर दुगुनी हो जाएगी। परमाणु युद्ध के कारण 1.6 से 3.6 करोड़ टन काला और घना कार्बन का धुआं पूरी दुनिया में उपरी वायुमंडल में छा जाएगा, जिससे धरती पर सूर्य की रोशनी में 20 से 35 प्रतिशत तक कमी होगी। धरती का तापमान 2 से 5 डिग्री सेल्सियस कम हो जाएगा। बारिश में 15 से 30 फीसद कमी आएगी और ऐसी ठंड होगी जैसी हिमयुग के बाद में नहीं देखी गयी। इतना ही नहीं धरती पर पेड़-पौधों की संख्या में भी 15 से 30 प्रतिशत की कमी आएगी और 5 से 15 फीसद समुद्री जीवन नष्ट हो जाएगा। लेकिन इसकी चिंता किसी भी परमाणु संपन्न देश को नहीं है।

परमाणु संपन्न दुनिया के दो सबसे ताकतवर देश अमेरिका और रूस टकराव के मुहाने पर हैं और हालात द्वितीय विश्वयुद्ध से पहले जैसे दिख रहे हैं। उल्लेखनीय है कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका और रूस के राजनीतिक और आर्थिक हितों का टकराव शुरू हो गया था। अमेरिका और रूस की प्रमुखता वाले सोवियत संघ में अपना प्रभाव बढ़ाने की होड़ लग गयी। वर्ष 1990 तक दुनिया के ज्यादातर देश इन्हीं महाशक्तियों के बीच बंटे रहे और उनके बीच छल-प्रपंच होता रहा। सोवियत संघ के विखंडन के बाद ही शीतयुद्ध खत्म हुआ और अमेरिका दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनकर उभरा। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य पर नजर दौड़ाएं तो निःसंदेह 26 दिसंबर 1991 को सोवियत संघ के विघटन के बाद रूस की ताकत घटी है और अमेरिका का वर्चस्व बढ़ा है। जहां अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बन चुका है वहीं रूस की अर्थव्यवस्था हिचकोले खा रही है। दोनों देशों के बीच तल्खी के बाद एक बार फिर हालात बिगड़ने लगे हैं। सोवियत संघ के विघटन के बाद भी रूस को संयुक्त राज्य सुरक्षा परिषद में पुराने सोवियत संघ का दर्जा हासिल है और वह सोवियत संघ के संपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय उत्तरदायित्वों का निर्वहन भी कर रहा है। आज भी उसकी इच्छा यही है कि 1991 में सोवियत नियंत्रण से मुक्त हुए देशों में अमेरिका और यूरोपिय संघ की पकड़ मजबूत न हो और वह हर हाल में स्वतंत्र देशों में अप्रत्यक्ष रुप से अपना ही शासन बनाए रखे। किंतु अमेरिका और उसके सहयोगी यूरोपिय देशों को रूस की यह नीति रास नहीं आ रही है।

उधर रूस एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था की रीढ़ को तोड़कर नई विश्व व्यवस्था में अपना सम्मानपूर्ण स्थान चाहता है। हां यह सही है कि आज अमेरिका विश्व की एकमात्र आर्थिक व सैनिक शक्ति है और अंतर्राष्ट्रीय दारोगा भी। सीधे तौर पर उसे चुनौती देने वाला कोई नहीं है। उसकी ताकत का नतीजा है कि वह तमाम राष्ट्रों पर दबाव डालकर उन्हें अपनी नीतियां बदलने को मजबूर कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ से लेकर अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष एवं विश्व बैंक सभी अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं उसकी मुठ्ठी में है। अफगानिस्तान युद्ध के बरक्स वह मध्य एशिया और पश्चिमी एशिया में अपनी पकड़ मजबूत कर चुका है। एशियाई देशों मसलन अफगानिस्तान, पाकिस्तान, फिलीपीन्स, जापान, दक्षिण कोरिया समेत मध्य एशियाई देश सऊदी अरब, ओमान और कतर में उसके सैनिक पसरे हुए हैं। इराक, हैती, रवांडा, कोसोवो, बोस्निया और अफगानिस्तान में अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन कर अमेरिका इस निष्कर्ष पर जा पहुंच चुका है कि कोई भी देश उसके आगे टिक नहीं सकता। लेकिन रूस भी अपने रुतबे को कम होने देना नहीं चाहता। वह यूक्रेन पर फतह कर नाटो देशों को कड़ा सबक देना चाहता है। अगर मौजूदा समय में विश्व समुदाय रूस और अमेरिका के खेमों में बंटता है तो फिर एटमी युद्ध की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

अमेरिका 1945 के बाद से हर नौ दिन में एक के औसत से परमाणु परीक्षण की है। 1945 के बाद से दुनिया में कम से कम 2060 ज्ञात परमाणु परीक्षण हो चुके हैं जिनमें से 85 फीसद परीक्षण अकेले अमेरिका और रूस ने किया है। अमेरिका ने 1032, रूस ने 715, ब्रिटेन ने 45, फ्रांस ने 210, चीन ने 45 परीक्षण की है। अमेरिका की तर्ज पर सोवियत संघ ने 1949 में, ब्रिटेन ने 1952 में, फ्रांस ने 1958 में तथा चीन ने 1964 में अपना पहला परमाणु परीक्षण किया। इस बिरादरी में भारत भी सम्मिलित हुआ जब उसने 18 मई, 1974 को पोखरन में अपना प्रथम भूमिगत परीक्षण किया।

हालात ये हैं कि आज समूची दुनिया कभी न खत्म होने वाली परमाणु परीक्षणों की घुड़दौड़ में शामिल हो गयी है। परमाणु अस्त्रों के उत्पादन को सीमित करने तथा उनके प्रयोग एवं उनके परीक्षण पर रोक लगाने के संबंध में संसार की दो महाशक्तियों के बीच 1967 की परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) जिसे 12 जून 1968 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारी बहुमत से स्वीकृति प्रदान की और 5 मार्च 1970 से प्रभावी हो गयी। लेकिन आज इइस संधि का कोई मूल्य-महत्व नहीं है।

पाठकवाणी

## इन हालात का जिम्मेदार कौन?

**ना** महफिल अजीब है न मंजर अजीब है, जो उसने चलाया वो खंजर अजीब है। न डूबने देता है न उबरने देता है, उसकी यादों का वो समंदर अजीब है। यह शेर भले ही आपको अपनी महबूबा की याद दिलाता हो, लेकिन जरा इसे झारखंड और यहां की सरकार के संदर्भ में सोच कर देखियेगा तो आपको भी मेरी तरह बर्बादी का आलम समझ आएगा? भारत की कुल खनिज संपदा का 40 प्रतिशत झारखंड से प्राप्त होता है। फिर भी इसकी इस योग्यता पर सरकार ने कभी गहनता से नहीं सोचा और न ही यहां की सरकार ने इस ओर सोचने के लिए प्रतिबद्ध किया है। हम अपनी चौकड़ी में बैठे रहे और अपना ही राग अलापते रहे। झारखंड को अलग हुए 24 साल बीत गए। 24 वर्ष के इस नौजवान राज्य को विकास से वंचित रखा गया। झारखंड की आज वही हालत है जो कुपोषित शिशु की होती है। तीर-धनुष के बल पर झारखंड को अपनी गोद में तो ले लिया, पर इसके लिए अन्न-पानी की व्यवस्था नहीं की गई। न किसी ने प्यारे हाथ से सहलाया, न ही किसी फूल की तरह खिलने के लिए खाद-पानी दिया गया। 24 साल का नौजवान झारखंड और तेरह सरकारें, तीन मर्तबा राष्ट्रपति शासन! कैसी दयनीय स्थिति है। दुखदायी है कि इतनी प्राकृतिक संपदा होने के बावजूद हम निम्न स्तर के पायदान पर भी लड़खड़ाते हुए खड़े हैं।

–**संदीप कुमार**, मधुपुर (झारखंड)

कुछ खास



अमेरिका में यह वारंट गौतम और सागर अदाणी के खिलाफ जारी हुआ है। अब कायदे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ भारत में जांच और पूछताछ होनी चाहिए। नरेंद्र मोदी और बीजेपी की शह पर ही गौतम अदाणी ने कई राज्यों को महंगी बिजली बेची है।

–**संजय सिंह**, आप सांसद

आज का ट्वीट



''गौतम अडानी आज भारत में जो चाहें वो खरीद सकते हैं। अमरूद से लेकर केला तक, पूरा ठेला भी खरीद सकते हैं। लेकिन अब अमेरिका जाने की टिकट नहीं खरीद सकते।''

–**रवीश कुमार**

साइबरवर्ल्ड

## क्या कह रहा है चुनाव

**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव के साथ-साथ महाराष्ट्र और झारखंड के बहु प्रतिक्षित विधानसभा चुनाव संपन्न हुए। या यूं कहिए औपचारिकता संपन्न हुई। दरअसल इन चुनावों के बाद, व्यवस्था पर भरोसा आम आदमी का डगमगाने लगा है। देश के निष्पक्ष लोकतांत्रिक मूल्य पर आघात की तरह यह चुनाव घाव कर गया है। चुनाव जीतने के लिए जिस तरह के हथकंडे सत्ताधारी दल द्वारा अपनाए गए उसके बाद इन चुनावों को लेकर एक उदासीनता का माहौल बन गया है। क्या-क्या नहीं हुआ? पैसे बांटते हुए राष्ट्रीय स्तर के नेता कैमरे में कैद हुए और चुनाव आयोग खामोश रहा। देश की समरसता पर आघात लगने वाले बंटेंगे तो कटेंगे जैसे नारों के बावजूद चुनाव आयोग की चुप्पी खलने वाली थी। जिस तरह चुनाव के अंतिम दिन शरद पवार की बेटी का फेक वीडियो वायरल हुआ और उस पर भी प्रशासन खामोश रहा, यह सारे सच चुनाव की विश्वसनीयता को कम कर रहे थे। उत्तर प्रदेश में जिस तरह अल्पसंख्यकों को मतदान करने से रोकने के लिए प्रशासन ने भूमिका निभाई, वह उसकी निष्पक्ष भूमिका पर प्रश्न चिन्ह लगाती हुई नजर आई? जब महाराष्ट्र की 288 विधानसभा का चुनाव एक साथ हो सकता है तो फिर झारखंड में दो चरणों में चुनाव करवाना किसी भी परिस्थिति में समझ के बाहर है। साथ ही उत्तर प्रदेश में चुनाव विधानसभा के उपचुनावों को अन्य राज्यों के उप चुनाव के बाद अगले दौर में करना यह भी खलने वाला था। दरअसल इन सबको लेकर चुनाव आयोग पर एक पक्ष के प्रति सहानुभूति का दृष्टिकोण स्पष्ट देखा जा रहा था जो संस्थाओं की पवित्रता को आम आदमी के मानस से समाप्त कर रहा था। सत्ता कितनी महत्वपूर्ण है और एक राजनीतिक दल का मकसद सिर्फ सत्ता है, यह राजनीति के लिए सही दिशा के संकेत नहीं है। क्योंकि यहां नीति गौण हो चुकी है और राज्य मुख्य हो चुका है। भ्रष्टाचार गुंडागर्दी दादागिरी और उसके बाद चुनाव के परिणाम प्रभावित करने के लिए संस्था का दुरुपयोग इन चुनावों में प्रतिध्वनित होता लगा।

-प्रमोद जैन की फेसबुक वॉल से

अमृतवाणी


## सुविधा और संघर्ष

**महाभारत** का युद्ध अपने चरम पर था। एक से एक बड़े योद्धा एक दूसरे से जान की बाजी लगाकर लड़ रहे थे। कहना मुश्किल था कि कौन पक्ष जीतेगा और कौन हारेगा। गुरु द्रोणाचार्य और उनके शिष्य अर्जुन आमने-सामने थे। अर्जुन अपनी पूरी क्षमता और कौशल के साथ अपने गुरु पर हमले कर रहे थे। द्रोणाचार्य लड़खड़ा रहे थे। उनका सारा कौशल और ज्ञान अपने ही शिष्य के आगे व्यर्थ साबित हो रहा था। अर्जुन पूरे जोश के साथ आगे बढ़ते जा रहे थे। यह दृश्य सबको हैरत में डाल रहा था। अर्जुन का इस तरह आगे बढ़ना पांडवों में नई स्फूर्ति का संचार कर रहा था। दूसरी और कौरवों के हौसले पस्त हो रहे थे। तभी कौरवों में से एक ने दूसरे से प्रश्न किया, यह क्या हो रहा है? अर्जुन ने जिस व्यक्ति से सब कुछ सीखा, उसे वह मात दे रहा है। शस्त्रों के ज्ञाता गुरु की हालत लगातार खराब होती जा रही है। यह कैसे संभव है? इस आश्चर्य का क्या रहस्य है कि गुरु हारता और शिष्य जीतता जा रहा है? यह बात द्रोणाचार्य ने सुन ली। उन्होंने उसकी दुविधा दूर करते हुए कहा, मुझे लंबा समय राजाश्रय की सुख-सुविधाएं भोगते हुए हो गया, जबकि अर्जुन निरंतर कठिनाइयों से जूझता रहा है। सुविधा संपन्न व्यक्ति अपना सामर्थ्य गंवा बैठता है और संघर्षशील व्यक्ति की क्षमता निरंतर बढ़ती जाती है। अनेक सिद्ध महापुरुषों का जीवन इस बात का साक्षी है कि सफलता का कमल कठिनाइयों के कीचड़ के बीच खिलता है। तभी तक जीवन धारदार रहता है, जब तक वह प्रतिरोधों और चुनौतियों की सान पर चढ़ा रहता है। कठिनाइयां समाप्त होने पर व्यक्ति आलस्य का शिकार हो जाता है। छोटे से भी विरोध और व्यवधान का सामना करने में वह स्वयं को नितांत असमर्थ पाता है। वह जीवन में कभी विजय नहीं प्राप्त कर सकता। द्रोणाचार्य की यह बात कौरवों को अच्छी नहीं लगी, पर अंततः यह सत्य सिद्ध हुई।



तीखी नजर

## एक जूते की व्यथा कथा



अरुण अर्णव खरे

अपने जोड़ीदार से बिछुड़ कर सभास्थल के एक कोने में पड़ा जूता जार-जार आंसू बहाते हुए सोच रहा है .. वह भी क्या समय था जब लोग मुझे पहिनते थे तो मैं पहिनने वाले को गंतव्य तक ले जाता था। ले तो आज भी जाता हूं, लेकिन इधर राजनीति में जबसे नैतिकता से नीचे गिरने का चलन बढ़ा है, लोग मुझे एक दूसरे पर फेंक कर ऊंचाई पर जाने लगे हैं, मतलब मैं चलकर लोगों को नहीं ले जाता अब लोग मुझे फेंक कर स्वयं वहां पहुंच जाते हैं जहां वह जाना चाहते हैं। पिछले कुछ वर्षों में नेताओं के भाषणों के दौरान मुझे अनगिनत बार फेंका जा चुका है। पार्टियों की आंतरिक मीटिंग्स में भी छोटी-छोटी बातों पर बेरहमी से मेरा इस्तेमाल होने लगा है। देश की लगभग हर विधानसभा में लोगों ने मेरा इस्तेमाल किया है जिसे सबने देखा है। कुछ समय पहले ही एक सरकारी कार्यक्रम में मुझे हाथ में लेकर एक सांसद महोदय ने अपनी ही पार्टी के विधायक की धुनाई कर दी थी। सुना है किसी शिलापट्ट पर नाम न लिखे जाने से सांसद जी बौखलाए हुए थे।

इब्नेबतूता का जूता अपनी घुमक्कड़ी के कारण सारी दुनिया में विख्यात रहा है और जापानी जूते का तो कहना ही क्या। मेरा जूता है जापानी गा-गा कर राजकपूर ने सारी दुनिया में मेरा नाम रोशन किया। इतिहास में इज्जत पाने वाली इतनी गाथाओं के बीच मैं यह देखकर व्यथित हो जाता हूं कि लोग मेरा इस्तेमाल अपने विरोधी की इज्जत उतारने के लिए करने लगे हैं। पहले भी मैंने अनेक बार सामाजिक तानेबाने को पलीता लगाने वालों को जूते की माला पहनाकर गली-गली में घुमाते देखा है लेकिन अब तो प्रेम विवाह करने वालों के साथ भी यह होने लगा है। जब भी मैं ऐसा होते देखता हूं, मन क्षोभ से भर जाता है।

चलना मेरा स्वभाव है अतएव मैंने बहुत दुनिया देखी है। ऐसे लोगों को भी देखा है जो पूरी दुनिया को जूते की नोंक पर रखते थे, बड़े से बड़ा लालच भी उन्हें डिगा नहीं पाता था। कुछ ऐसे बिगड़ैल मनसबदारों को भी देखा है जो अपनी रिआया को जूते के नीचे दबाकर रखने में अपनी शान समझते थे। आजकल अच्छे-अच्छों को जूते चाटते देख रहा हूं। अच्छे दिन लाने वालों ने जरा सा क्या डराया, कि आका के तमाम उपकार भूलकर मिमियाते हुए उनके पैरों में जा गिरते हैं। जिनको जूते खाकर जी-हुजूरी करते देखा था, वही अच्छे दिन वालों की शह पर जूता ताने धमका रहा है। गजब समय है ये। अफसर जब अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाते हैं और मंत्रियों के जूते हाथ में उठा कर अपनी इज्जत उतरवाते हैं तो मेरे अंदर बहुत कुछ कसमसाता है। मैं जानता हूं कि मेरी जगह पैरों में है, मैं किसी के सिर पर बैठ कर इतराना नहीं चाहता और न ही किसी के हाथों में आकर किसी की इज्जत उतारना मुझे अच्छा लगता है। निराशा के इस वर्तमान दौर में बस एक ही बात बहुत राहत देती है। आज भी मुझे चुराए बिना हमारे देश में शादियां मुकम्मल नहीं होतीं।

नजरिया

# आयुष्मान योजना में भ्रष्टाचार का घुन



**रोहित माहेश्वरी**

**आयुष्मा योजना में जो मामला सामने आया है, उसमें ऐसी कठोर कार्रवाई की जाए कि सौदागरी करने वाले ही भूल जाएं। कमोबेश डॉक्टर के पेशे को तो दैवीय और पवित्र रहने दो। मोदी दावा हैं कि उनके राज में भ्रष्टाचार कम हुआ है, लेकिन यह मामला इस दावे की पोल खोलता है।**

बीते दिनों गुजरात के अहमदाबाद में आयुष्मान भारत के दो लाभार्थियों की मौत ने हड़कंप मचा दिया है। परिजनों का आरोप है कि ख्याति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने योजना के रुपये लेने के लिए अंधेरे में रखकर एंजियोप्लास्टी करते हुए स्टेंट डाले। इसके बाद मौत हुई। केंद्र सरकार की सफल आयुष्मान भारत योजना से पैसा ऐंठने के आरोपों के बाद यह पूरा मामला सुर्खियों में आ गया है। पीड़ित परिवरों के साथ गांव के सरपंच ने जो आरोप लगाए हैं वे उन आरोपों को पुख्ता कर रहे हैं कि मेडिकल माफिया की सरकारी योजनाओं में घुसपैठ है। इसमें गरीब मरीजों के हक के पैसे से कमीशन एजेंट अपनी जेब में भर रहे हैं। दूसरी ओर गरीबों को सही इलाज भी नहीं मिल पा रहा है। ताजा मामले में अहमदाबाद के ख्याति अस्पताल ने 19 लोगों की एंजियोग्राफी की थी, इसके बाद सात लोगों की एंजियोप्लास्टी करते हुए उन्हें स्टैंड डाले गए थे। इसमें दो की मौत हो हुई है। परिजनों का आरोप है कि उन्हें हृदय रोग की बीमारी नहीं थी। अस्पताल प्रशासन ने एंजियोप्लास्टी करने के दौरान परिजनों को अंधेरे में रखा।

गुजरात सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं लेकिन सवाल खड़ा हो रहा है कि मेडिकल माफिया के काले गठजोड़ से कहीं आयुष्मान योजना जान से खेलने वाली स्कीम न बन जाएं। कांग्रेस ने भी इस मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लिया है। असल में सेहत और इलाज के सौदागरों ने आयुष्मान भारत योजना में भी भ्रष्टाचार खोज लिया है। निजी अस्पताल लाखों रुपए कमा रहे हैं। फर्जी इलाज किए जा रहे हैं और बीमे के क्लेम भी फर्जी हैं। निजी अस्पतालों की सिंडिकेट लॉबी ने डॉक्टरों को भी भ्रष्ट और अनैतिक होने पर विवश कर दिया है। यदि आप अस्वस्थ हैं और अस्पताल जाने की नौबत आ जाए, तो अस्पताल वाले सबसे पहला सवाल यही करेंगे- आयुष्मान कार्ड है? चूंकि इलाज का खर्च आपको नहीं करना। ह्यआयुष्मान कार्डह्न के जरिए भारत सरकार 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित करती है, लिहाजा अस्पताल उस कार्ड के जरिए सरकार से बीमे का क्लेम वसूल लेते हैं। सौदागरों ने आयुष्मान के माध्यम से अपनी अतिरिक्त आमदनी का रास्ता खोज लिया है और उसका भरपूर दोहन किया जा रहा है।

गुजरात की घटना पर मौजू सवाल यह है कि क्या ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर वाकई कॉर्डियोलॉजिस्ट थे? क्या ऑपरेशन करना जरूरी था? क्या स्टेंट बेहतर क्वालिटी के थे अथवा सस्ते, घटिया स्टेंट डाल कर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया गया? डॉक्टर फरार बताए जाते हैं, लेकिन उनकी पेशेवर मान्यता का क्या होगा? क्या मान्यता रद्द की जाएगी और डॉक्टर के खिलाफ हत्या का केस चलाया जाएगा? इस संदर्भ में सबसे बड़ा और काला खलनायक तथा अपराधी तो अस्पताल प्रबंधन है।

वर्ष 2023 में मध्य प्रदेश में आयुष्मान योजना की खबरें प्रकाशित हुई थी। दरअसल प्रधान मंत्री आयुष्मान योजना की आड़ में पैसे कमाने के लिए राज्य में मरे लोगों का इलाज कागजों पर दिखाया गया और भ्रष्टाचार किया गया। मरे हुए लोगों को आयुष्मान योजना के तहत एडमिट कर पैसे निकाल लिए गए। एमपी में आयुष्मान योजना की दुर्दशा हो रही है। भ्रष्टाचारियों ने आयुष्मान भारत को भ्रष्टाचार का जरिया बना लिया है। भ्रष्टाचार के कई मामले विभिन्न राज्यों में भी प्रकाश में आये हैं, जिनकी जांच जारी है। भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में कई फर्जीवाड़े हुए हैं। जिनमें बेनिफिशियरी आईडेंटिफिकेशन सिस्टम के जरिए सबसे बड़ी गड़बड़ी यह सामने आई है कि योजना के लगभग 7.50 लाख लाभार्थियों का मोबाइल नंबर एक ही था। कैग ने अपनी रिपोर्ट 8 अगस्त 2023 को लोकसभा में पेश की, जिसमें सितंबर 2018 से मार्च 2021 तक के परफॉर्मेंस ऑडिट रिजल्ट शामिल किए गए हैं। कैग की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि 43,197 घरों में परिवार का आकार 11 से 201 सदस्यों तक का था। एक घर में इतने सदस्यों का होना न केवल रजिस्ट्रेशन प्रोसेस के दौरान वेरिफिकेशन में फर्जीचसड़े को दिखाता है, बल्कि इस बात की भी संभावना है कि लाभार्थी इस योजना में परिवार की परिभाषा स्पष्ट न होने का फायदा भी उठा रहे हैं। आयुष्मान योजना का लाभ चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में कई पेंशनभोगी उठा रहे हैं। तमिलनाडु सरकार के पेंशनभोगी डेटाबेस की इस योजना के डेटाबेस से तुलना करने पर पता चला कि 1,07,040 पेंशनभोगियों को लाभार्थियों के रूप में शामिल किया गया था। आयुष्मान की विस्तारित योजना के लिए अलग से किसी बजट का प्रावधान अभी नहीं किया गया है। यकीनन यह योजना बेहद मानवीय और अद्वितीय है, लेकिन राज्यों की ढिलाई, सरकारी अस्पतालों में साधनहीनता और भेड़-बकरी की तरह भीड़, लिहाजा आम आदमी की बढ़ती उदासीनता, निजी अस्पतालों के ऐसे भ्रष्ट और अनैतिक सौदागर, बूढ़े लोगों का अशिक्षित और शारीरिक तौर पर अक्षम होना ऐसे सवाल हैं, जो सोचने को बाध्य करते हैं।

आयुष्मान योजना में ही भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। बहरहाल यह जो मामला बेनकाब हुआ है, उसमें ऐसी कठोर कार्रवाई की जाए कि सौदागरी करने वाले ही भूल जाएं। कमोबेश डॉक्टर के पेशे को तो दैवीय और पवित्र रहने दो। मोदी दावा करते रहे हैं, कि उनके राज में भ्रष्टाचार कम हुआ है, लेकिन यह मामला इस दावे की पोल खोलता है।



# पर्थ में होगा भारत का इम्तिहान

## ऑप्टस स्टेडियम में दूसरी बार सामना, यहां ऑस्ट्रेलिया कभी नहीं हारा

### पहला टेस्ट मैच आज सुबह 7.30 बजे से होगा शुरू

● पर्थ,

**भारत** और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का आगाज आज से होगा। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में खेला जाएगा। यहां ऑस्ट्रेलिया टीम कभी टेस्ट मैच नहीं हारी है। वहीं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने के लिए भारत के लिए यह अहम सीरीज है। शुभमन गिल पर्थ टेस्ट नहीं खेलेंगे, ऐसे में देवदत्त पडिक्कल का नंबर-3 पर खेलना कन्फर्म माना जा रहा है।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 1947 से अब तक 28 टेस्ट सीरीज खेली गई है। इसमें भारत ने 11 तो ऑस्ट्रेलिया ने 12 जीती हैं। जबकि 5 सीरीज ड्रॉ हुई हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया में दोनों टीमों ने 13 सीरीज खेली हैं। इसमें 8 ऑस्ट्रेलिया ने और 2 भारत ने जीतीं। वहीं, 3 सीरीज ड्रॉ रहीं। ऑस्ट्रेलिया में भारत ने 2018 में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतकर इतिहास रचा था और पिछली दोनों सीरीज भी जीता। वहीं 1996 से खेली जा रही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भारत हावी रहा है। अब तक 16 बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज खेली गई हैं। इसमें 10 भारत ने और 5 कंगारू टीम ने जीती हैं। एक सीरीज ड्रॉ रही। भारत पिछले 4 सीरीज लगातार जीता है। टीम को आखिरी हार 2014-15 सीजन में मिली थी।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के पिछले 2 फाइनल खेलने वाली टीम इंडिया के लिए इस बार का खिताबी मुकाबला नामुमकिन लग रहा है। टीम न्यूजीलैंड से हारकर पॉइंट्स टेबल में 58.33% पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर खिसक गई थी। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 में भारत की यह आखिरी टेस्ट सीरीज है। टीम 4 टेस्ट जीतकर ही बगैर किसी पर निर्भर हुए फाइनल में जगह बना सकेगी। टीम ने 3-2 से सीरीज जीत भी ली तो भी टीम फाइनल में नहीं पहुंच पाएगी। भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल इस साल टेस्ट फॉर्मेट में टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 11 मैचों में 7 अर्धशतक और 2 शतक लगाए हैं। दूसरे नंबर पर गिल हैं। वे इस मैच में नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया में सचिन तेंदुलकर के बाद विराट कोहली टीम के दूसरे टॉप स्कोरर हैं। हालांकि वे न्यूजीलैड के खिलाफ फेल रहे थे, लेकिन इस सीरीज में उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। वहीं ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन इस साल टॉप विकेट टेकर हैं। इस




मैच में रेगुलर कप्तान रोहित शर्मा और टॉप ऑर्डर बैटर शुभमन गिल नहीं खेलेंगे। रोहित ब्रेक पर हैं और गिल चोटिल हैं। रोहित की गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह टीम के कप्तान होंगे और केएल राहुल यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग करेंगे। वहीं, गिल की जगह पर देवदत्त पडिक्कल नंबर-3 पर खेलेंगे। बैटिंग-ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए इस साल सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। हालांकि वे इस सीरीज के लिए स्क्वॉड में शामिल नहीं है। दूसरे नंबर पर उस्मान ख्वाजा हैं। उन्होंने 5 मैचों में 274 रन बनाए हैं। पेसर जोश हेजलवुड ने इस दौरान टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में अब तक 4 टेस्ट मैच खेले गए हैं। सभी मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते और पहले बैटिंग करते हुए जीते। यहां पेस बॉलर्स को ज्यादा मदद मिलती है। यहां गेंदबाजों ने 139 विकेट लिए, पेसर्स को 102 और स्पिनर्स को 37 विकेट मिले, यानी पेसर्स को 73.38% और स्पिनर्स को 26.62% विकेट मिले। रिपोर्ट के मुताबिक, यहां की मौजूदा पिच पर भारतीय पिचों की तुलना में एवरेज बाउंस 13 सेमी ज्यादा है। पिच पर 8 मिमी की घास है और थोड़ी दरारें भी हैं। टॉस का रोल पर्थ में पहली पारी का औसत स्कोर 456 रन है, इसलिए टीमें यहां टॉस जीतकर पहले बैटिंग करना ही पसंद करती हैं। मैच के दिन बढ़ने के साथ स्टेडियम में बैटिंग करना मुश्किल हो जाता है। यहां ऑस्ट्रेलिया ने जो 4 मैच जीते हैं, वो सभी पहले बैटिंग करते हुए जीते हैं। इस तरह यहां टॉस का रोल अहम है। बारिश की बिल्कुल संभावना नहीं पर्थ मुकाबले में बारिश की बिल्कुल संभावना नहीं है। मौसम वेबसाइट एक्यूवेदर के अनुसार, कल यहां 1% बारिश की आशंका है। दिन का तापमान 13 से 22 डिग्री रहेगा। पूरे दिन धूप निकली रहेगी, बीच-बीच में बादल भी आएंगे। हालांकि दो दिन पहले यहां बेमौसम बारिश हुई थी।

**दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11 भारत:** जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल, विराट कोहली, ध्रुव जुरेल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया:** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, स्टीव स्मिथ, हेजलवुड, हेड, जोश इंगलिस, ख्वाजा, लाबुशेन, नाथन लायन, मिचेल मार्श, नाथन मैकस्वीनी, मिचेल स्टार्क।

## हम न्यूजीलैंड श्रृंखला की हार का बोझ लेकर नहीं आए: कार्यवाहक कप्तान बुमराह

**पर्थ, वार्ता :** भारतीय क्रिकेट टीम के कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने गुरुवार को कहा कि उनकी टीम घरेलू श्रृंखला में न्यूजीलैंड से 0-3 से मिली हार का बोझ लेकर यहां नहीं आई है। यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बुमराह ने कहा कि जब आप जीतते हैं तो शून्य से शुरूआत करते हैं लेकिन जब हारते हैं, तब भी तो ऐसा ही होता है। हम भारत से कोई बोझ लेकर नहीं आये हैं। न्यूजीलैंड श्रृंखला से हमने सबक लिया है लेकिन यहां हालात अलग हैं और यहां हमारे नतीजे अलग रहे हैं। उन्होंने कहा कि एकादश को अंतिम रूप दे दिया गया है। आज सुबह मैच शुरु होने से पहले इसका पता सबको चल जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने अंतिम एकादश तय कर ली है और सुबह मैच से पहले आपको पता चल जाएगा। उल्लेखनीय है कि पांच मैच की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज आज शुरू होगी।

## 24 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया पहुंचेंगे रोहित



**मुंबई, वार्ता:** टेस्ट और वनडे में भारत के रेगुलर कप्तान रोहित शर्मा 24 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया पहुंचेंगे। वह पर्थ में टीम से जुड़ेंगे, लेकिन टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं होंगे। वह दूसरे टेस्ट मैच से टीम की कप्तानी संभालेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक रोहित ने इस बारे में बीसीसीआई को इन्फॉर्म कर दिया है। रोहित की गैरमौजूदगी में पहले टेस्ट में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम के कप्तान होंगे। वहीं केएल राहुल ओपनिंग कर सकते हैं। रोहित के अलावा बाकी भारतीय टीम 10-11 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई थी। रोहित ने बीसीसीआई और सिलेक्शन कमेटी को पहले ही बता दिया था कि वे पर्थ टेस्ट को मिस कर सकते हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट आज से शुरू होगा।

## मैकस्वीनी ओपनिंग के लिए है तैयार: कमिंस

**पर्थ, वार्ता:** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में पर्दापण कर रहे नेथन मैकस्वीनी ओपनिंग के तैयार है और चोटिल कैमरून ग्रीन की जगह टीम में शामिल किये ऑराउंडर मिचेल मार्श गेंदबाजी करेंगे। कमिंस ने गुरुवार को यहां पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि नेथन मैकस्वीनी ओपनिंग के लिए तैयार है और मार्श निश्चित रूप से इस मैच में गेंदबाजी करेंगे। वह एक ऑलराउंडर हैं और हमारे चारों गेंदबाजो की मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने कभी भी किसी के लिए ओवरों की सीमा नहीं तय की है। लेकिन वह गेंदबाजी के लिए तैयार हैं और हमें उनसे जितनी गेंदबाजी चाहिए होगी, हम कराएंगे। उन्होंने इस सप्ताह अच्छी गेंदबाजी की है और उनका शरीर भी इसके लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा गेंद से प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, जो कि अच्छी चीज है। उन्हें गेंदबाजी पसंद है और वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो हमेशा खेल में जुड़े रहना चाहते हैं।

## सार संक्षेप

### पाकिस्तान के पूर्व ऑफ स्पिनर और अंपायर मोहम्मद नजीर का निधन

**लाहौर :** पाकिस्तान के पूर्व ऑफ स्पिनर और अंपायर मोहम्मद नजीर का लंबी बीमारी के बाद लाहौर में निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे। वह नजीर जूनियर के नाम से मशहूर थे। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 14 टेस्ट और चार एकदिवसीय मैच खेले। उन्होंने अक्टूबर 1969 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में यादगार पारी खेली थी। नजीर ने अपनी पहली पारी में 99 रन देकर सात विकेट चटकाए। इसके अलावा उन्होंने नाबाद 29 रन बनाए और दूसरी पारी में भी 17 रन बनाकर नाबाद रहे। यह टेस्ट मैच ड्रा रहा था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि पीसीबी की ओर से मैं हमारे पूर्व टेस्ट क्रिकेटर मोहम्मद नजीर के निधन पर अपनी संवेदना और दुख व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि हम अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं और उनके दोस्तों और परिवार के साथ दुख साझा करते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट के लिए उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

### सैम्प आर्मी ने बांग्ला टाइगर्स को छह विकेट से हराया

**अबूधाबी :** फाफ डु प्लेसिस (29), एंड्रीस गौस (24) और जैक टेलर (27) की आतिशी पारियों की बदौलत सैम्प आर्मी ने गुरुवार को दूसरे अबू धाबी टी-10 मुकाबले में बांग्ला टाइगर्स को छह विकेट से हराया। 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सैम्प आर्मी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने आठ के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। शरजील खान (00) पर आउट हुये। इसके बाद फाफ डु प्लेसिस और एंड्रीस गौस पारी को संभालते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। चौथे ओवर में साकिब अल हसन ने फाफ डु प्लेसिस को अपना शिकार बनाया। डुप्लेसिस ने 14 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुये (29) रनों की पारी खेली। कप्तान रोहन मुस्तफा (सात) रन बनाकर आउट हुये। एंड्रीस गौस ने 13 गेंदों में दो छक्के लगाकर (24) रन बनाये। जैक टेलर ने 13 गेंदों में दो छक्के एक चौका की मदद से (नाबाद 27) रन बनाये। करीम जनत नौ गेंदों में (15) रन बनाकर नाबाद रहे। सैम्प आर्मी ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 108 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया।

### वायुसेना को रॉयल रेंजर्स ने हराया

**नई दिल्ली :** नौ खिलाड़ियों से खेल रही रॉयल रेंजर्स ने गुरुवार को यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय वायुसेना को 7-0 से पीट दिया। इस जीत के साथ रॉयल रेंजर्स ने आठ मैचों में सर्वाधिक 19 अंक हो गये है। दिल्ली प्रीमियर लीग में आज अम्बेडकर स्टेडियम में दिन के पहले मुकाबले में फ्रेंड्स यूनाइटेड ने गढ़वाल हीरोस को 2-2 की बराबरी पर रोक कर वाह वाह लूटी। फ्रेंड्स यूनाइटेड ने 16 वें मिनट में जितेंदर सिह के गोल से बढ़त बनाई लेकिन दूसरे हाफ में गढ़वाल ने दो मिनट में दो गोल जमा कर पलट वार किया। प्लेयर ऑफ द मैच पियूष भंडारी और इशानबोक ने फ्रेंड्स की रक्षा पंक्ति की चूक का फायदा उठाते हुए गढ़वाल को एक बार फिर आगे किया। अंततः वेटरन अजय सिंह ने लम्बी सीटी से पहले बराबरी का गोल दाग कर गत विजेता गढ़वाल हीरोज को हार से बचा लिया।

## भारतीय स्पिनर कुलदीप ने जर्मनी में कराई बैक सर्जरी

● म्यूनिख,

**भारतीय** स्पिनर कुलदीप यादव ने जर्मनी में बैक सर्जरी कराई है। वे बैक इंजरी से परेशान थे। चाइनामैन गेंदबाज ने रात को सोशल मीडिया में कुछ फोटो पोस्ट की, एक फोटो में वे अस्पताल में दिखाई दे रहे हैं। कुलदीप ने इस पोस्ट पर लिखा कि बेहतर होने के लिए म्यूनिख में कुछ दिन।

29 साल के कुलदीप कुछ दिनों पहले दिल्ली कैपिटल्स की टीम में रिटेन हुए हैं। दिल्ली ने उन्हें सवा 13 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। कुलदीप ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में आखिरी टेस्ट खेला था, फिर चोट की वजह से उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए नहीं चुना गया था। बीसीसीआई के सिलेक्टर्स ने 22 नवंबर से शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम जारी करते समय कुलदीप की चोट का जिक्र किया था। वे बेंगलुरु टेस्ट के बाद नेशनल सेंटर ऑफ एक्सिलेंसी भेजे गए थे, जहां मेडिकल एक्सपर्ट्स ने उन्हें सर्जरी कराने की सलाह दी थी। कुलदीप यादव फरवरी महीने तक मैदान पर वापसी कर सकते हैं। इसी महीने भारतीय



### इंजरी के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं गए, फरवरी तक वापसी की उम्मीद

टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेना है। इस वनडे टूर्नामेंट के लिहाज से टीम के लिए कुलदीप की वापसी अहम होगी। यदि ऐसा नहीं होता तो टीम इंडिया के लिए झटका साबित होगा। कुलदीप यादव वाइट बॉल क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वे 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं।

## फिल साल्ट का तूफानी अर्धशतक

### टीम अबू धाबी ने अजमान बोल्ट्स को नौ विकेट से हराया

**अबूधाबी,** अबूधाबी टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान फिल साल्ट (नाबाद 54) और जॉनी बेयरस्टो (नाबाद 22) रनों की तूफानी पारी के दम पर टीम अबूधाबी (टीएबी) ने अजमान बोल्ट्स को नौ विकेट से शिकस्त दी।

80 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम अबू धाबी ने 5.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से जीत लिया। कप्तान फिल साल्ट ने 19 गेंदों में छह छक्के और दो चौके लगाते हुये (नाबाद 54) रनों की पारी खेली। जॉनी बेयरस्टो ने 14 गेंदों में चार चौके लगाते हुये (नाबाद 22) रन बनाये। पॉल स्टर्लिंग (शून्य) को जेसन बेहरेनडॉर्फ ने आउट किया। इससे पहले यहां टॉस जीत कर टीम अबूधाबी ने पहले गेंदबाजी करने



का फैसला किया। अबूधाबी के गेंदबाजों ने कप्तान फिल साल्ट के फैसले से सही साबित करते हुए अजमान बोल्ट्स को निर्धारित 10 ओवर में आठ विकेट पर 79 के स्कोर पर रोक दिया। रवि बोपारा ने टीम अबूधाबी के लिए 13 गेंदों में सर्वाधिक (23) रन बनाये। शेवॉन डैनियल (22) और शेहान जयसूर्या (10) रन बनाकर आउट हुये। शेष पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। टीम अबू धाबी के लिए मार्क अडायर, जीशान नसीर, कदीम अल्लेने ने दो-दो विकेट लिये। रुम्मन रईस, काइल मेयर्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी जीती, पीवी सिंधु हारीं

### लक्ष्य सेन ने डेनमार्क के रासमस गेम्के को 21-16, 21-18 से हराकर क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

● शेन्जेन,

**भारत** की सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी और लक्ष्य सेन ने डेनमार्क के खिलाड़ियों को हराकर गुरुवार को चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वहीं महिला एकल वर्ग में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु राउंड ऑफ 16 में हारकर बाहर हो गई है।

यहां खेले गये मुकाबले में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने 15वें स्थान पर मौजूद डेनमार्क की रासमस कजेर और फेडरिक सोगार्द की जोड़ी को 21-19, 21-15 से मात दी। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने पहले गेम शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन डेनमार्क की जोड़ी ने 12-12 से स्कोर बराबर कर दिए। इसके बाद दोनों टीमों के बीच बराबरी का मुकाबला हुआ, लेकिन भारतीय जोड़ी ने आखिर में 21-19 से पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में अपनी लय को बरकरार रखते हुए सात्विक और चिराग की




जोड़ी ने 17-12 की बड़ी बढ़त बना ली और इस गेम को आसानी से जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त किम एस्ट्रप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन की जोड़ी से होगा। वर्ल्ड रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन ने 30वें स्थान पर मौजूद डेनमार्क के रासमस गेम्के को 21-16, 21-18 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। लक्ष्य सेन ने पहले गेम से ही मैच पर अपनी पकड़ मजबूत रखी और पहले गेम की अच्छी शुरुआत करते हुए 7-2 की बढ़त हासिल की। भारतीय खिलाड़ी ने अपनी बढ़त को बनाए रखा और 21-16 से जीत दर्ज की। दूसरा गेम भी लक्ष्य के नाम रहा, भारतीय युवा शटलर ने शानदार शॉट्स के दम पर इस गेम में भी जीत दर्ज की। महिला वर्ग में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को एक घंटा नौ मिनट तक चले मुकाबले में 13वें रैंक पर मौजूद सिंगापुर की येओ जिया मिन ने 16-21,21-17, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा। पहले गेम में विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी 11-6 से पीछे होने के बाद लगातार अंक हासिल किए और स्कोर को बराबरी पर ला दिया। लेकिन इसके बाद येओ जिया मिन ने सिंधु को वापसी का कोई मौका नहीं दिया और 21-16 से जीत दर्ज की। दूसरे गेम में सिंधु ने जबरदस्त वापसी की और शुरुआती बढ़त को बरकरार रखते हुए मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचाया। तीसरे गेम में सिंधु ने शुरुआती बढ़त बरकरार रखते हुए स्कोर 13-9 की लीड हासिल कर ली। लेकिन इसके बाद येओ जिया मिन ने गेम में वापसी की और करीबी गेम में 23-21 से जीत हासिल कर ली। छह मुकाबलों में येओ जिया मिन के खिलाफ सिंधु की यह पहली हार थी।

भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी बी सुमित रेड्डी/एन सिक्की रेड्डी ने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के शीर्ष वरीय फेंग यान झे-हुआंग डोंग पिंग को वॉकओवर दिया और इस जोड़ी का अभियान समाप्त हो गया। महिला एकल में 50वें स्थान की खिलाड़ी आकर्षी कश्यप को 26वें स्थान की जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ मैच में सीधे गेम 21-7, 21-14 से हार मिली। वहीं, 36वें स्थान की खिलाड़ी मालविका बसोड़ भी दूसरे राउंड से आगे नहीं बढ़ सकीं। मालविका को आठवीं वरीयता प्राप्त सुपानिदा काटेथोंग से सीधे गेम में 21-9, 21-9 से हार का सामना करना पड़ा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)